अध्यक्ष महोदय : प्रस्तावना का यहां कोई प्रश्न नहीं है। यह तो बहुत ही साधारण प्रश्न है कि क्या यह छापा बिड़ला फर्मों पर डाले गये व्यापक छापे का एक भाग था। इसके तकनीकी तथा अन्य मामलों पर विचार करने का प्रश्न ही नहीं उठता। क्या यह व्यापक छापों का भाग था अथवा नहीं ?

श्री रघुनाथ रेड्डी : यदि प्रश्न के मुख्य भाग में व्यापक छापों की बात सम्मिलित होती तो हम जानकारी एकत्रित कर सकते थे। क्यों कि यह प्रश्न के मुख्य भाग में नहीं है इसलिए इसका उत्तर देना मेरे लिए बहुत कठिन है।

श्री ए० श्रीधरन : यह तो बहुत ही संगत प्रश्न है और इसका उत्तर दिया ही जाना चाहिए। अन्यथा वह या तो यह कहें कि वह उत्तर नहीं दे सकते अथवा यह कहें कि उन्हें इसकी सूचना चाहिए। वह केवल वह ही नहीं कह सकते ;

श्री रघुनाथ रेड्डी : मुझे इसकी पूर्व सूचना चाहिए।

श्री प० गोपालन मैं इस फर्म के सम्बन्ध में एक प्रश्न पूछना चाहता हूँ। समाचार पत्रों में समाचार छपा था कि इस विशेष फर्म विशेष पर डाले जाने वाले छापे के बारे में बिड़ला समूह को कम से कम तीन दिन पूर्व सूचना मिल गई थी और समस्त महत्वपूर्ण दस्तावेज और मिसिलों को या तो नष्ट कर दिया था या कार्यालय से हटा दिया था। मैं जानना चाहता हूँ कि क्या मंत्री महोदय को बिडला उद्योग समूह तथा केन्द्रीय सचिवालय के उच्च अधिकारियों के बीच की सांठ गांठ का पता है, और यदि हाँ, तो क्या सरकार ने कोई ऐसे पूर्वोपाय किये हैं जिनसे यह रहस्य बाहर न खुलने पाये। मैं यह भी जानना चाहता हूँ कि क्या सरकार ने इस गुप्त योजना के रहस्योद्घाटन के बारे में कोई जाँच कराई थी अथवा ये जो छापे डाले गये थे क्या थे, वे सब लोगों को धोखा देने के नाटक मात्र थे ?

श्री रघुनाथ रेड्डी : जहां तक छापों का सम्बन्ध है मुझे इसके लिए पूर्व सूचना की आवश्यकता है।

श्री प० गोपालन : प्रश्न यह है कि क्या उन्होंने पूर्वोपाय किये थे अथवा नहीं। इस बात का उत्तर नहीं मिला है।

अध्यक्ष महोदय : इस प्रश्न का उत्तर मंत्री महोदय ने दे दिया है। वह इसके लिए पूर्व सूचना चाहते हैं।

श्री उमानाथ : यह आरोप बिल्कुल स्पष्ट है कि बिड़ला उद्योग समूह को इस बात का

पता तीन दिन पहले ही लग चुका था क्या मंत्री महोदय को इस बात का पता है और इस सम्बन्ध में क्या पूर्वोपाय किये गये थे ? माननीय मंत्री को इस प्रश्न का उत्तर अवश्य देना चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय : वह पहले ही कह चुके हैं कि वह इस बात की जांच करेंगे ।

श्री उमानाथ : उनको प्रश्न से सम्बन्धित सारी बातों के बारे में तैयार होकर आना चाहिये । इस बात की जांच करने का अब प्रश्न कहाँ है ?

श्री ज्योतिर्मय बसु : हम आपका संरक्षण चाहते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : यह दूसरा या तीसरा अवसर है । मैंने मंत्री महोदय से कुछ दिन पूर्व ही निवेदन किया था और अब भी यही कह रहा हूँ कि जब भी वह किसी प्रश्न का उत्तर दे तो उत्तर स्पष्ट होना चाहिए । उत्तर में असंगति नहीं होनी चाहिये क्योंकि इससे मेरे लिए भी कठिनाई हो जाती है और माननीय सदस्यों को सन्तोष नहीं होता । उनको सीधा उत्तर मिलना चाहिए ।

श्री उमानाथ : यहाँ वरिष्ठ मन्त्री महोदय उपस्थित हैं और उत्तर उन्हें देना चाहिए ।

श्री ई० के० नायनार : बिड़ला उद्योग समूह से सम्बन्धित किसी भी प्रश्न का उत्तर देने में उन्हें क्यों हिचकिचाहट होती है ?

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : आपने मन्त्री महोदय से बिल्कुल ठीक कहा है कि वह प्रश्नों का उचित उत्तर नहीं देते । वास्तव में अपने उत्तर में गलत और अधूरी जानकारी देकर उन्होंने सदन को धोखा दिया है ।

प्रश्न करने से पूर्व मैं आपको वस्तु स्थिति से सम्बद्ध कुछ अंश बताता हूँ । इन्हें आपके समक्ष प्रस्तुत करना मेरे लिए आवश्यक है । मन्त्री महोदय को पता होगा कि जब बनों में काम होता है तो वहां अस्थाई कार्यालय बनाये जाते हैं । उन अस्थाई कार्यालयों को बन्द करने के पश्चात् वहां का रिकार्ड प्रति वर्ष मुख्य कार्यालय में वापस लाया जाता है ।

श्री उमानाथ : उन्हें प्रश्न करना चाहिए । श्री बिड़ला सदन में उपस्थित हैं और वह अपने बचाव में कुछ कह सकते हैं (**अन्तर्बाधाएं**)

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य किसी सदस्य को प्रश्न करने से रोक नहीं सकते ।

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : माननीय सदस्य की तरह चीन का पक्षपाती नहीं हूँ ।

श्री उमानाथ : तो क्या वह अमरीकन हैं ?

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : वह चीन के एजेंट हैं, यह मैं उनके सम्बन्ध में जानता हूँ । (**अन्तर्बाधाएं**)

श्री उमानाथ : आप का आदेश सब पर समान रूप से लागू होना चाहिए आप कहते हैं हम को सीधा प्रश्न करना चाहिए । परन्तु माननीय सदस्य अपने प्रश्न की भूमिका बना कर पूछ रहे हैं और मन्त्री महोदय को जानकारी दे रहें । उन्हें अब मन्त्री महोदय को भाषण नहीं

देना चाहिए और इसकी यहां अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। अतः आप का आदेश सब पर समान रूप से लागू होना चाहिए। उन्हें सीधा प्रश्न करना चाहिए। यदि वह भी बिड़ला बनना चाहते हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं, परन्तु उन्हें सीधा प्रश्न करना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों से मेरा निवेदन है कि वे इस प्रकार हस्तक्षेप न करें। यह सब कुछ मेरे ऊपर छोड़ दें। प्रश्न की प्रासंगिकता अथवा अप्रासंगिकता का निर्णय करने के लिए ही मैं यहां बैठा हूँ।

श्री उमानाथ : हम तो केवल आपके सम्मुख निवेदन कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : उन्हें अनुमति देने अथवा न देने का अधिकार केवल अध्यक्ष को है। अन्य सदस्य क्यों हस्तक्षेप करते हैं ?

श्री उमानाथ : वह तो यही चाहते हैं कि मन्त्री महोदय को कुछ बातों की जानकारी होनी चाहिए।

अध्यक्ष महोदय : अब उन्हें प्रश्न पूछने दें। श्री उमानाथ को चाहिए कि वह हस्तक्षेप न करें।

श्री उमानाथ : अमरीकी प्रभाव के कारण यहां ऐसी बातें कही जा रही हैं।

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : चीनी प्रभाव है वे सब चीन के एजेन्ट हैं जो यहां लोकतन्त्र को नष्ट करना चाहते हैं।

श्री उमानाथ : हम यहां एकाधिकार को नष्ट करने के लिए बैठे हैं और हम देश में एकाधिकार को नष्ट करके रहेंगे।

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : उन्हें बेकार चिल्लाना नहीं चाहिए। हम जानते हैं कि वे लोकतन्त्र को नष्ट करने पर तुले हुए हैं।

मैं जानना चाहता हूँ कि क्या यह सच है कि एक विधान सभा के सदस्य श्री चन्द्र प्रताप तिवारी ने यह बताया था कि बन से सब कागज सामान्य रूप से मुख्य कार्यालय में लाये गये थे।

अध्यक्ष महोदय : मन्त्री महोदय ने बताया है कि उन्हें विधान सभा के सदस्य का पत्र नहीं मिला।

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : प्रश्न का उत्तर मन्त्री महोदय को ही देना चाहिए। यह प्रश्न से पहले नहीं उठाया गया था। मैं यह भी जानना चाहता हूँ कि क्या अतिरिक्त जिलाधीश ने इस मामले में अपना निर्णय देते हुए श्री चन्द्र प्रताप तिवारी के आरोपों का स्पष्ट रूप में खण्डन करते हुए यह कहा था कि ये सब आरोप गलत और निराधार थे तथा इन कागजों को गलती से पकड़ा गया था और इसलिये इन कागजों को वापस भेज देना चाहिए ? प्रश्न भाग (ख) का उत्तर देते हुए मन्त्री महोदय ने स्पष्टतया बताया था कि उन्हें श्री तिवारी का कोई पत्र

प्राप्त नहीं हुआ और वह इस बात की जांच करना । माननीय सदस्य उस पत्र का उल्लेख कर रहे हैं जो मन्त्री महोदय को नहीं मिला और इस आधार पर ही वह अनुपूरक प्रश्न पूछ रहे हैं । मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा ।

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : सम्भवत: आप ने मेरे प्रश्न को ठीक तरह से नहीं समझा है । यह तो बहुत ही साधारण प्रश्न है कि जिन अभिलेखों को पकड़ा गया था, या वे वही अभिलेख थे जिन्हें वन से मुख्यालय में नियमित रूप में लाया जा रहा था और क्या यह भी सच है कि अतिरिक्त जिलाधीश ने फैसला सुनाते हुए इन आरोपों को गलत बताया था । क्या उन्होंने कहा था कि ये अभिलेख गलती से पकड़े गये हैं और इन्हें वापस किया जाना चाहिये ?

श्री रघुनाथ रेड्डी : यह सारा मामला अतिरिक्त जिलाधीश के विचाराधीन है, अत: मैं इस विषय में कुछ नहीं कह सकता ।

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : तब उन्होंने पिछले सारे प्रश्नों का उत्तर क्यों दिया है ? मेरे प्रश्न का उत्तर देते समय ही इसे विचाराधीन क्यों माना गया ? उन्होंने इस से पहले प्रश्नों का उत्तर क्यों दिया ? **(अन्तर्बाधा)** यह सब क्या है ?

श्री स० कुन्दू : क्या यह सच है कि जिलाधीश ने निचले न्यायालय के आदेश को रोकने का निर्णय देते हुए कलेक्टर से पकड़े गये सभी कागजों का विवरण पेश करने के लिए कहा था और कलेक्टर ने दो मास बीत जाने के पश्चात भी यह विवरण प्रस्तुत नहीं किया है ? राज्य सरकार और भारत सरकार ने इस सम्बन्ध में क्लेक्टर से कुछ भी नहीं कहा है । श्री तिवारी ने पहली अक्तूबर को प्रधान मन्त्री से इस सम्बन्ध में बातचीत की थी और प्रधान मन्त्री ने कहा था कि "मैं सभी कागजों को मंगवा रही हूँ" । लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं किया गया है । यदि यही हाल रहा तो कुछ समय पश्चात् सारे मामले को ठप्प कर दिया जायेगा ।

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : मन्त्री महोदय ने कहा है कि यह प्रश्न विचाराधीन है । क्या अध्यक्ष महोदय कृपया यह निर्णय देंगे कि इस मामले पर जितनी चर्चा हुई है उसे कार्यवाही के वृतान्त से निकाल दिया जाये ?

श्री उमानाथ : यदि वह ऐसा कहते हैं तो उनके प्रश्न को ही निकाल दिया जाये ।

अध्यक्ष महोदय : आरोप-प्रत्यारोप से हम कोई भी कार्य नहीं कर सकेंगे । श्री पाटोदिया को इतना उत्तेजित नहीं होना चाहिये ।

श्री देवकी नन्दन पाटोदिया : मन्त्री महोदय ने ही ऐसा व्यवहार किया है कि मुझे उत्तेजित होना पड़ा है ।

अध्यक्ष महोदय : आप को तो अच्छा व्यवहार करना चाहिये । मैंने प्रारम्भ में ही श्री रेड्डी से कह दिया था । किन्तु उन्होंने अब अन्त में कहा है कि यह मामला विचाराधीन है । मुझे इस बात का बहुत खेद है । इस बात को पहले ही कह दिया जाना चाहिये था । इसके पश्चात् हमें इतने प्रश्नों का उत्तर न देना पड़ता ।

गैर संगठित क्षेत्रों में बाल श्रम

+

*184. **श्री जे० एच० पटेल :**
श्री जे० के० चौधरी :

क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के गैर संगठित क्षेत्रों में बालकों से अब भी मजदूरी का काम लिया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन क्षेत्रों में अब भी बालकों से मजदूरी का काम लिया जाता है ; और

(ग) देश में बाल श्रम को रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

विधि मन्त्रालय और समाज कल्याण विभाग में राज्य मन्त्री (डा० श्रीमती फूलरेणु गुह) : (क) जी, हां ।

(ख) कृषि तथा ऐसे ही अन्य क्षेत्रों में, जहां कि कानून द्वारा बच्चों को रोजगार देना निषिद्ध नहीं है, बच्चों से काम लिया जा रहा है ।

(ग) बाल, रोजगार अधिनियम, 1938, फेक्टरी अधिनियम, 1948 खान अधिनियम, 1952 तथा मोटर परिवहन उपक्रमों, बागान, बीड़ी तथा सिगार औद्योगिक स्थान, इत्यादि में मजदूरों के रोजगार का विनियमन करने वाले अन्य अधिनियमों के अधीन बच्चों को रोजगार देना निषिद्ध है ।

श्री जे० एच० पटेल : कन्नड़ में बोले ।

अध्यक्ष महोदय : आप अनुदेशों को देखिये । प्रश्नोत्तर काल में साथ-साथ अनुवाद करने की व्यवस्था नहीं है । अंग्रेजी या हिन्दी में बोलें ।

श्री जे० एच० पटेल : मेरा यह अनुरोध है कि प्रश्नोत्तर काल में भी साथ-साथ अनुवाद की सुविधा होनी चाहिये । मेरा प्रश्न बीड़ी, अगरबत्ती, ग्रामीण क्षेत्रों में खेतिहर श्रमिकों तथा ऐसे ही अन्य असंगठित उद्योगों के सम्बन्ध में है, जिनमें लाखों की संख्या में बच्चों से मजदूरी का काम लिया जाता है । सरकार ने इस मजदूरी को रोकने के लिये कुछ भी नही किया है और न ही किसी ऐसे कानून की व्यवस्था की है जिससे इन बच्चों को शिक्षा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधायें उपलब्ध की जा सकें । हानिप्रद व्यवसायों में काम करने वाले अपोषण तथा आर्थिक कठिनाइयों के शिकार इन लाखों बच्चों को शिक्षा देने के लिये सरकार द्वारा क्या व्यवस्था करने का विचार है ?

विधि और समाज कल्याण तथा रेलवे मन्त्री (श्री गोविन्द मेनन) : वास्तव में यह विषय श्रम मन्त्रालय से सम्बन्धित है किन्तु इसका उत्तर देने में मुझे कोई आपत्ति नहीं ।

बीड़ी तथा सिगार कर्मचारी (रोजगार की शर्तें) अधिनियम, 1966 के अनुसार बाल श्रम की मनाही है । मेरा विचार है कि अगरबत्ती उद्योग में बाल श्रम की मनाही नहीं है ।

माननीय सदस्य कह रहे थे कि बीड़ी उद्योग में मनाही होते हुए भी लाखों बच्चों से मजदूरी करायी जाती है। मेरे विचार से बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहा गया है। कई बार कानून का उल्लंघन होता है। यदि ऐसे किसी मामले की सूचना उपयुक्त अधिकारी को दी जाती है तो उस पर कार्यवाही की जायेगी।

श्री श्रीधरन : मन्त्री महोदय के अपने निर्वाचन-क्षेत्र चालकुड़ी में ही बहुत से बच्चे मजदूरी कर रहे हैं और वे इस बात को मानते ही नहीं।

अध्यक्ष महोदय : उन्हें दूसरा प्रश्न पूछना है, लेकिन सभी सदस्य खड़े हो गये हैं और सीधे ही मन्त्री महोदय से बात करने लगे हैं। क्या सदन में व्यवहार करने का यही ढंग है ? आप सभी ने गलत आदत अपना ली है। यस इसे न दुहराएं।

श्री जे० एच० पटेल : मंत्री महोदय ने देश में बाल-श्रमिक समस्या के बारे में अपनी अनभिज्ञता दिखाई है। यद्यपि उन्होंने कहा है कि हो सकता है कि कानून का उल्लंघन किया जाता हो, उन्होंने इस बात से इन्कार किया है कि लाखों लोग इसमें कार्य करते हैं। सरकार द्वारा दिये गये आंकड़ों के अनुसार देश में भिखारियों की संख्या लगभग 1 करोड़, 20 लाख है और उनमें से 80 प्रतिशत बच्चे हैं। मैं यह नहीं कहता कि आप कोई दूसरा कानून बनायें। मैं चाहता हूँ वर्तमान कानून को सख्ती से लागू किया जाये। सरकार किसी भी कानून को लागू करने में असमर्थ है। यदि कानून की क्रियान्विति ही नहीं हो सकती है, तो सरकार इस तथ्य को स्वीकार क्यों नहीं करती कि बच्चे जीवन निर्वाह नहीं कर सकते हैं ? सरकार अधिनियम में संशोधन करके उन्हें अंशकालिक श्रम की अनुमति क्यों नहीं देती और जो लोग काम पर है उनके लिये अनिवार्य शिक्षा, बीमा तथा सुविधाओं की व्यवस्था क्यों नहीं करती ? मन्त्री महोदय बाल-श्रमिक की विद्यमानता से ही इन्कार करते हैं।

श्री गोविन्द मेनन : मैंने इस बात से इन्कार नहीं किया। मूल प्रश्न बीड़ी उद्योग से सम्बन्धित है। मैंने कहा हो सकता है कि कानूनों का उल्लंघन किया जाता हो। माननीय सदस्य द्वारा दिए गए आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर दिये गये हैं। सुझाव देने तथा मेरी अनभिज्ञता के बारे में जानकारी देने के लिये माननीय सदस्य को धन्यवाद देता हूँ।

Shri Randhir Singh : Most of the children belonging to the weaker sections, particularly Harijans children do not go to schools for education inspite of the fact that there is compulsory education for them May I know the steps being taken by the Government to ensure that they go to school and become good citizens of the country ?

श्री गोविन्द मेनन : मैं माननीय सदस्य के इस सुझाव से पूर्णतः सहमत हूँ कि न केवल हरिजन अपितु सभी बच्चों को अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा दी जानी चाहिए। यह कार्य राज्यों के क्षेत्राधिकार में है।

श्री म० ला० सोंधी : देश की राजधानी दिल्ली में भी बच्चे सड़क निर्माण तथा सफाई आदि के कार्यों में लगे देखे जाते हैं जोकि देश के लिये अशोभनीय बात है। क्या मंत्री महोदय

इस बात के लिये तत्काल कोई कार्यवाही करने के लिए तैयार हैं कि बच्चों को इन मार्गों पर न लगाया जाये ।

श्री गोविन्द मेनन : मैं माननीय सदस्य के इस विचार से पूर्णतः सहमत हूँ कि बच्चों को इन कार्यों पर नहीं लगाया जाना चाहिए । माननीय सदस्य का सुझाव मैं गृह-कार्य मन्त्रालय के पास भेज दूंगा ।

श्री ई० के० नायनार : मन्त्री महोदय ने इस बात से इन्कार किया है कि बीड़ी उद्योग में बाल श्रमिक काम करते हैं । बीड़ी उद्योग के अतिरिक्त हथकरघा उद्योग में भी बाल श्रमिक काम करते हैं । संसद् ने वर्ष 1948 और 1966 में इस सम्बन्ध में एक अधिनियम पारित किया था । केरल सरकार ने उसे बीड़ी उद्योग पर लागू करने का प्रयत्न किया था किन्तु आन्ध्र प्रदेश तथा मैसूर द्वारा प्रतियोगिता के कारण वह उसे लागू न कर पाई और बीड़ी तथा सिगरेट उद्योग के मालिकों ने उसका उल्लंघन किया । क्या केन्द्रीय सरकार 1966 में संसद द्वारा पारित किये अधिनियम को लागू कराने के लिए पहल करेगी ?

श्री गोविन्द मेनन : संसद द्वारा पारित किये जाने वाले कानूनों के उल्लंघन की बात मैंने नहीं कही । मैंने यह कहा था कि श्री पटेल द्वारा दिये गये आंकड़े बढ़ा चढ़ा कर दिये गये हैं । माननीय सदस्य यह अच्छी तरह जानते हैं कि इन कानूनों को लागू करना राज्यों के क्षेत्राधिकार में आता है । केन्द्रीय सरकार राज्यों में सीधे इन कानूनों को लागू नहीं करा सकती है ।

Shri Prem Chand Verma : May I know whether Government have received any report from the states as to why the law could not be implemented ? If no such reports have been asked for so far, are the Government are prepared to have a detailed survey to as certain the reasons as to why the law has not been implemented ? May I know whether Government will issue orders to implement the law ?

श्री गोविन्द मेनन : सभा को पता है कि यह संविधान की समवर्ती सूची में है । कानून में एकरूपता लाने के लिए संसद ने इस सम्बन्ध में कानून बनाया है । जिन राज्यों ने इस कानून को क्रियान्वित नहीं किया है उनके बारे में जानकारी देने के लिये समय चाहिए ।

श्री श्रीधरन : इस समूची समस्या का कोई ठोस हल निकालने की आवश्यकता है । काम करने वाले बच्चों में अधिकतर बच्चे या तो विधवाओं के हैं या वे अवैध बच्चे हैं । अतः मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार विधवाओं को समाज में उचित स्थान देने के लिये कोई उपाय करेगी । ताकि उनके बच्चों को रोजगार न ढूंढना पड़े तथा क्या सरकार इस देश में पैदा होने वाले अवैध बच्चों की जिम्मेदारी लेगी ?

श्री गोविन्द मेनन : इसका मूल प्रश्न से कोई सम्बन्ध नहीं है । सरकार अवैध बच्चों की जिम्मेदारी नहीं ले सकती है ।

श्री ए० श्रीधरन : वे बच्चे भारतीय हैं ।

श्री गोविन्द मेनन : पर मैं यह नहीं कह सकता कि मैं अवैध बच्चों की जिम्मेदारी लूंगा ।

श्री ए० श्रीधरन : स्केन्डेनेविया तथा यूरोप के अन्य देशों की सरकारें ऐसे बच्चों की जिम्मेदारी लेती हैं। मंत्री महोदय समाजवाद की बात तो करते हैं किन्तु कल्याण सम्बन्धी उपाय नहीं करती है। यदि इस सम्बन्ध में कार्यवाही नहीं की गई तो **अवैध बच्चे** इसी तरह बड़े होंगे और अपने मत का प्रयोग करेंगे। सरकार ही अवैध बच्चों की देखभाल कर सकती है।

Shri Abdul Ghani Dar : May I know whether the hon. Minister is prepared to bring an amendment as would provide the indigent students some employment while at school with a view to enabling to earn a pittance to sustain themselves and to finance their studies ?

श्री गोविन्द मेनन : यह एक सुझाव है। इस सम्बन्ध में कोई कानून नहीं बनाया जा सकता।

Shri Sharada Nand : May I know whether a survey has been conducted by the Government to find out the children. The number of children thus employed and if not will the Government conduct such survey in near future ?

श्री गोविन्द मेनन : खेतिहर-मजदूरों का अखिल भारतीय सर्वेक्षण किया गया है जिससे कुछ आंकड़े दिये गये हैं। श्रम ब्यूरो ने कुछ उद्योगों में श्रमिकों की दशाओं सम्बन्धी एक दूसरा सर्वेक्षण किया है। दशाब्दीवार की जाने वाली जनगणना में बाल श्रमिकों के बारे में आंकड़े एकत्रित किये जाते हैं।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

हैदराबाद में संचार केबल बनाने का कारखाना

185. **श्री क० लक्प्पा** :

श्री लखन लाल कपूर :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार हैदराबाद में दूर-संचार केबल बनाने वाला कारखाना स्थापित करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है ;

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ; **और**

(ग) इस कारखाने का कार्य कब तक आरम्भ हो जायेगा ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) (जी, हाँ।

(ख) 564 लाख रुपये की पूंजीगत लागत (बस्ती निर्माण व्यय के अतिरिक्त) से 5000

के० एस० पी० आई० एल० सी० ड्राई कोर संचार केबल्स के उत्पादन के लिए प्रायोजना बनाई गई है जिसमें विदेशी मुद्रा से 12 लाख रुपये के हिस्से पुर्जे प्राप्त किये जायेंगे ।

(ग) प्रस्ताव विचाराधीन है ।

भारत के लिये समान व्यवहार संहिता की आवश्यकता

*186. **श्री हिम्मतसिंहका** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी ने भारत के लिये समान संहिता बनाने की आवश्यकता पर 4 सितम्बर, 1969 को वार्ता आयोजित की थी, जिसमें भुतपूर्व न्यायाधीश को चागला तथा भूतपूर्व न्यायाधीश श्री बसु जैसे प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया था ;

(ख) यदि हां, तो इस वार्ता में भाग लेने वाले व्यक्तियों के विचारों को दृष्टि में रखते हुए सरकार समान व्यवहार संहिता बनाने की दिशा में क्या कार्यवाही कर रही है ; और

(ग) क्या ऐसी व्यवहार संहिता की मोटी रूपरेखा बनाने के लिये कोई राष्ट्रीय अधिवेशन सम्मेलन बुलाया जायेगा ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मन्त्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) इस विषय पर परिसंवाद कि क्या एक समान सिविल संहिता राष्ट्रीय एकता के लिए अनिवार्य है 4 सितम्बर, 1969 को आकाशवाणी के दिल्ली केन्द्र से प्रसारित हुआ था जिस में निम्नलिखित संसद् सदस्यों ने भाग लिया ।

1. श्री एन० सी० चटर्जी
2. श्री एम० सी० चागला
3. प्रो० रत्नास्वामी
4. श्री अशोक के० सेन (नियामक)

(ख) एक समान सिविल संहिता तैयार करने की कोई भी प्रस्थापना अभी सरकार के पास नहीं हैं ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Allotment of Railway Land to a Private Firm in New Delhi

*187. **Shri Om Prakash Tyagi** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that during the tenure of Shri Jagjivan Ram, Minister of Food and Agriculture, as Minister for Railways, *i.e.* between 7th December, 1956 and 19th April, 196?, the land adjoining the Railway line in one of the areas near Connaught place was allotted to M/s Pure Drinks Co., the manufacturers of Coca Cola or to a partner thereof and that the Public Account Committe had also objected to it ; and

(b) if so, the area of the land allotted, with whose permission it was allotted, at what price it was given and the details of the objection raised by the P. A. C. ?

The Minister of Law and Social Welfare and Railways (Shri Govinda Menon) : (a) 1666 sq. yards of land near Connaught Place was licensed in 1942-43 under the authority of the then North Western Railway to M/s Oriental Buildings and Furnishing Co. (Pvt) Ltd, who are the owners of M/s Pure Drinks (Coca Cola). Later when the firm relinquished a portion of land, fresh agreement was entered into in 1947 for 1152 sq. yards of land by the Eastern Punjab Railway. This agreement was renewed from year to year upto 31-5-51. Public Accounts Committee went into the case and made certain recommendations.

(b) The area of land at present under occupation of the party is 2743 sq. yds. The last order was issued by the Railway Board to the Northern Railway to execute an agreement in November, 62. As per the present agreement, the annual rent is Rs. 30,611.88 P.

Thc PAC's observations and recommendations on this issue are placed on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT—2086/69].

आयकर अपील अधिकरण के समक्ष लंबित अपीलें

*188. **श्री यमुना प्रसाद मण्डल** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आयकर अपील अधिकरण के समक्ष इस समय बड़ी भारी संख्या में अपीलें लम्बित हैं ;

(ख) यदि हां, तो 1 अप्रैल, 1964 और 1 अप्रैल, 1969 को ऐसी लम्बित अपीलों की संख्या कितनी थी ;

(ग) प्रति वर्ष कितनी अपीलें दायर की गई ;

(घ) प्रति वर्ष कितनी अपीलें निपटाई गई ; और

(ङ) शेष अपीलों को निपटाने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मन्त्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी हां।

(ख) 1 अप्रैल, 1964 को 26,814 तथा 1 अप्रैल, 1969 को 63,534 अपीलें लम्बित थीं।

(ग) और (घ)

वर्ष	अपीलों की संख्या जो फाइल की गई	अपीलों की संख्या जो निपटाई गई
1964-65	24,251	15,266
1965-66	21,924	16,648
1966-67	27, 22	18,239
1967-68	31,120	23,157
1968-69	31,929	24,098

(ङ) मामलों को तेजी से निपटाने के लिए समय समय पर किए गए विभिन्न प्रशासनिक उपायों के अतिरिक्त अधिकरण की चार नई न्यायपीठें अक्तूबर, 1969 में स्थापित की गई हैं।

गुजरात में साम्प्रदायिक दंगों में सवारी गाड़ियों पर धावे

*189. **श्री अदिचन:** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इस वर्ष सितम्बर में गुजरात में हुए साम्प्रदायिक दंगों के दौरान मैहसाना जिले में काटोसन के निकट उपद्रवियों ने सवारी गाड़ियों पर, जिनमें 36-डाउन किरकी एक्सप्रैस गाड़ी भी शामिल थी, धावे किये थे ; और

(ख) यदि हां, तो उन घटनाओं का ब्यौरा क्या है और उन में जान तथा माल की कितनी हानि हुई ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी हां।

(ख) इन घटनाओं का ब्यौरा सभा-पटल पर रखे गये विवरण में दिया गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 2087/69] इन घटनाओं 22 व्यक्ति मारे गये और 17 घायल हुए। हताहत व्यक्ति अपने साथ जो सामान ले जा रहे थे उसके मूल्य की जानकारी नहीं है। सितम्बर, 1969 में अहमदाबाद में हुए साम्प्रदायिक दंगों में रेल सम्पत्ति को 6000 रुपये की क्षति पहुंचने का अनुमान है।

सीमेंट और चीनी का मूल्य निर्धारण

*190. **श्री एस० के० संबंधन** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने सीमेंट और चीनी के मूल्य निर्धारित करने के लिए भिन्न भिन्न मापदंड अपनाये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और दो वस्तुओं के लिए भिन्न भिन्न मापदण्ड अपनाये जाने के क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी नहीं। यदि कोई विशिष्ट परिस्थिति न हो तो चीनी के मूल्य निर्धारण के लिए मोटे तौर एक ही प्रकार की प्रक्रिया अपनाई जाती है।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

त्रिनगर (रामपुरा) दिल्ली में हाल्ट स्टेशन

*191. **श्री ए० श्रीधरन :**

श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि त्रिनगर बस्ती के वासियों को जहां लगभग 2 लाख लोग रह रहे हैं, दिल्ली आने में बड़ी कठिनाई होती है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि त्रिनगर से दयाबस्ती और शकूर बस्ती बराबर दूरी पर हैं और दोनों ही स्टेशनों तक पहुँचने में 45 मिनट से अधिक समय लगता है ;

(ग) क्या सरकार का विचार त्रिनगर (रामपुरा) में एक हाल्ट स्टेशन बनाने का है ताकि इस बस्ती के लोगों को दिल्ली-आने-जाने में सुविधा हो सके और इससे दिल्ली-परिवहन उपक्रम पर भी भार कम हो जायेगा ; और

(घ) यदि हां, तो वहाँ एक झंडी स्टेशन बनाये जाने की कब तक संभावना है, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) और (ख) त्रिनगर स्टेशन दयाबस्ती और शकूरबस्ती स्टेशनों के बीच स्थित है। यह स्टेशन पहले से 2 किलोमीटर और बाद वाले स्टेशन से 2.25 किलोमीटर की दूरी पर है। इस क्षेत्र के निवासियों के लिए 12 अप और 22 डाउन सवारी गाड़ियाँ चलती हैं जो इन स्टेशनों पर रुकती हैं। इनके अलावा बस, आटो-रिक्शा, टैक्सी आदि भी इस क्षेत्र में उपलब्ध हैं। त्रिनगर से इन स्टेशनों पर पहुँचने में जो समय लगता है वह व्यक्ति विशेष द्वारा उपयोग किये जाने वाले परिवहन की किस्म पर निर्भर करता है। त्रिनगर क्षेत्र से दिल्ली के लिये सीधी बसें भी आती-जाती हैं।

(ग) त्रिननर में हाल्ट खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(घ) सवाल नहीं उठता।

औद्योगिक एकाकों द्वारा लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन

192. **श्री भगवान दास :**
श्री ज्योतिर्मय बसु :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तकनीकी विकास महानिदेशक द्वारा किये गये सर्वेक्षण के अनुसार 45 औद्योगिक एककों ने, जितना उत्पादन करने की उन्हें अनुमति दी गई थी उससे अधिक उत्पादन कर के, लाइसेंस संबंधी शर्तों का उल्लंघन किया है ;

(ख) यदि हां, तो तकनीकी विकास महानिदेशक द्वारा किये गये सर्वेक्षण का ब्यौरा क्या है ;

(ग) उस पर क्या कार्यवाही की गई ; और

(घ) उल्लंघन करने वाले इन एककों के नाम क्या हैं तथा इन शर्तों का उल्लंघन कहां तक किया गया ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां।

(ख) तथा (घ). सर्वेक्षण का ब्यौरा एवं औद्योगिक एकको का विवरण तथा उन्होंने

जिस सीमा तक लाइसेंस प्राप्त क्षमता में वृद्धि की रिपोर्ट आफ इण्डस्ट्रियल लाइसेंसिंग पालिसी इन्क्वायरी कमेटी के पैरा 545 तथा परिशिष्ट IV में दिया गया है जिसकी प्रतियां पहले ही संसद सदस्यों को भेजी जा चुकी हैं।

(ग) उन औद्योगिक उपक्रमों के सम्बन्ध में कार्रवाई करने के प्रश्न पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है। जिन्होंने उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1968 के अन्तर्गत लाइसेंस प्राप्त क्षमता से अधिक क्षमता स्थापित कर ली है।

पूर्व तथा दक्षिण पूर्व रेलवे के ड्राइवरों, गार्डों तथा दूसरे साधारण कर्मचारियों की मांगें

*193. **श्रीमती इलापाल चौधरी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्व तथा दक्षिण पूर्व रेलवे के ड्राइवरों, गार्डों तथा अन्य साधारण कर्मचारियों ने सम्बन्धित रेलवे अधिकारियों को अभी हाल ही में यह नोटिस दिया है कि जब तक उन्हें जनता द्वारा हाथापाई किये जाने से नहीं बचाया जायेगा, तथा उनकी व्यतिगत सुरक्षा का उचित प्रबन्ध नहीं किया जायेगा, वे गाड़ियां चलाना बन्द कर देंगे ;

(ख) यदि हां, तो उनकी मांगों का पूरा ब्यौरा क्या है ;

(ग) उनकी मांगों को पूरा करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) यात्रा करने वाले लोगों को उचित शिकायतों को जो उनकी नाराजगी का मुख्य कारण है और जिसके कारण उनके बीच के असामाजिक तथा अन्य प्रकार के तत्वों को रेलवे अधिकारियों तथा रेल सम्पत्ति पर आक्रमण करने का अवसर मिलता है, दूर करने के लिये क्या उपाय किये गये हैं ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

मर्सिडीज ट्रकों के मूल्य

*194. **श्री जय सिंह** :
श्री यज्ञदत्त शर्मा :
श्री हरदयाल देवगुण :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारी तथा हल्के मर्सिडीज ट्रकों के मूल्यों में हाल में वृद्धि की गई है ;

(ख) यदि हां, तो इनका इस समय कितना मूल्य है, तथा 1 जनवरी, 1969 1 नवम्बर, 1968, 1 नवम्बर 1967, 1 जनवरी, 1966, 1 जनवरी, 1964, 1 जनवरी, 1962 और 1 जनवरी, 1960 को उनका मूल्य कितना-कितना था ; और

(ग) उनके मूल्यों में वृद्धि न होने देने के लिए सरकार के पास क्या शक्तियां हैं ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य-मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां ।

(ख) सभा पटल पर एक विवरण रखा जाता है ।

विवरण

इन दिनांक पर मूल्य	164/165 डब्ल्यू० बी० के मर्सिडीज ट्रकों की कम्पनी से निकलते समय की खुदरा कीमत	
	भारी (मोडल 1210)	हल्का (मोडल 312)
1 नवम्बर, 1969	40,247	38,180
1 नवम्बर, 1969	38,097	36,530
1 नवम्बर, 1968	37,814	36,282
1 नवम्बर, 1967	36,653	35,220
1 नवम्बर, 1966	33,041	31,882
1 नवम्बर, 1964	उत्पादन नहीं हो रहा है	28,921
1 नवम्बर, 1962	वही	27,073
1 नवम्बर, 1960	वही	26,390

टिप्पणी :— उत्पादन कर तथा निर्मित गाड़ियों पर लिए जाने वाला अधिभार इस मूल्य में अतिरिक्त है ।

(ग) वाणिज्यिक गाड़ियों के मूल्य पर वर्तमान में कोई अनौपचारिक या सांविधिक नियंत्रण नहीं है । फिर भी यदि वाणिज्यिक गाड़ियों पर सांविधिक नियंत्रण की आवश्यकता आती है तो सरकार को उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा 18 (क) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत पर पर्याप्त शक्तियां प्राप्त हैं ।

बिहार में बड़े उद्योग

*195.. **डा० सुशीला नैयर :**
श्री वि० प्र० मंडल :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार सरकार ने, चौथी योजनावधि में राज्य में बड़े उद्योग स्थापित करने के लिए भारत सरकार को कोई प्रस्ताव भेजा है ; और

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). बिहार सरकार द्वारा तैयार किये गये 'फोर्थ फाइव इयर प्लान बिहार' के मसौदे के प्रारूप में बिहार सरकार की चौथी योजना के प्रस्ताव दिये गये हैं, जिस पर योजना आयोग में 18 और 19 अक्तूबर को विचार-विमर्श किया गया था। चौथी योजना अवधि में राज्य में बड़े उद्योग स्थापित करने के बारे में बिहार सरकार से कोई अन्य प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं।

चौथी पंचवर्षीय योजना काल में केन्द्रीय क्षेत्र में स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं तथा उस पर किये जाने वाले विनियोजन के बारे में ड्राफ्ट फोर्थ फाईव इयर प्लान रिपोर्ट के पृष्ठ 253-260 में उल्लेख किया गया है। उसमें चौथी योजना काल में बिहार में स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं के बारे में भी बताया गया है। जहां तक परियोजनाओं के स्थान का संबंध है, जिनके स्थान के बारे में अभी तक निश्चय नहीं किया गया है, उसके बारे में यह बता सकना कि इनमें से कौन सी परियोजना बिहार में स्थागित की जायेगी, संभव नहीं है।

दक्षिण-पूर्व रेलवे में कटक-परादीप लाइन का निर्माण

*196. **श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण-पूर्व रेलवे में कटक-परादीप लाइन का निर्माण-कार्य पूरा करने के लिए कोई समय सीमा निर्धारित की गई है ;

(ख) क्या यह सच है कि कटक में हुए उद्घाटन समारोह में भूतपूर्व रेलवे मंत्री श्री पुनाचा ने घोषणा की थी कि निर्माण 1970-71 में पूरा हो जायेगा ;

(ग) क्या उनके मंत्रालय द्वारा घोषित वर्तमान क्रम बद्ध कार्यक्रम से नई प्रक्रिया धीमी नहीं हो जायेगी तथा अन्ततोगत्वा निर्माण कार्य पूरा होने में विलम्ब नहीं होगा ; और

(घ) क्या यह भी सच है कि इस परियोजना के इंजीनिजर-इन-चार्ज के पृथक पद को समाप्त कर दिया गया है तथा इसका कार्यभार अब उस व्यक्ति को सौंप दिया गया है जो अब हल्दिया परियोजना की देखरेख कर रहा है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार, आशा है कि यह लाइन 1972 के अन्त तक बन कर तैयार हो जायेगी।

(ख) श्री पुनाचा ने कहा था कि यह काम 1971 तक पूरा हो जाने की आशा है।

(ग) यह चरणबद्ध कार्यक्रम लाइन के प्रत्येक सिरे पर लोह अयस्क लादने तथा उतारने की सुविधाओं से सम्बन्धित कामों के साथ ही साथ मुख्य लाइन पर किये जाने वाले निर्माण कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से निश्चित किया गया है।

(घ) इस परियोजना के कार्यभारी जिला इंजीनियर का पद समाप्त नहीं किया गया। कटक-परादीप तथा हल्दिया-पांशकुड़ा लाइनों के निर्माण के लिए अलग-अलग जिला इंजीनियर हैं जो कलकत्ता स्थित इंजीनियर प्रधान के अधीन काम करते हैं।

Ashok Paper Mills Ltd. Darbhanga

*197. **Shri D. N. Tiwary :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether the Bihar Government have sent any scheme in regard to the Ashok Paper Mills, Bihar ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) the reaction of Government thereto ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) to (c). Yes, Sir. The Government of Bihar have very recently intimated that they have informed the Government of Assam that they have no objection to the shifting of some of the machines of the Ashok Paper Mills Limited from Darbhanga to Assam, subject to the condition that another unit of the mills for manufacture of 30/40 tonnes per day of high grade paper will be set up at the present site and that the Government of Bihar will afford facilities for the transfer of necessary assets of the Mills to Assam only after the viability of the proposed new unit has been established and effective steps for its implementation have been taken. A Committee consisting, *inter alia*, of representatives of the Bihar and Assam Governments has been formed to process these proposals.

अगस्त और सितम्बर, 1969 में दिल्ली इस्पात की कमी

*198. **श्री मीठा लाल मीना :** **श्री जे० मुहम्मद इमाम :**
श्री कृ० मा० कौशिक : **श्री शिव कुमार शास्त्री :**
श्री चं० चु० देसाई : **श्री रामावतार शर्मा :**

क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या अगस्त तथा सितम्बर, 1969 के महीनों के दिल्ली के संघ राज्य क्षेत्र में इस्पात की भारी कमी होने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) संघ राज्य क्षेत्र के उद्योगों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए यदि सरकार द्वारा कोई कार्यवाही की गई है तो क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो इसके क्या कारण हैं ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

(ख) और (ग) सारे देश में चपटे पदार्थों की कमी है। उत्पादन में यथासंभव वृद्धि करके तथा आयात के उदारीकरण द्वारा इस कमी को दूर करने का विचार है।

दिल्ली राज्य से संरचनात्मक इस्पात की कमी की भी शिकायतें मिली है। उत्पादकों से अपने माल गोदामों से ऐसे अधिक माल सप्लाई करने के लिए कहा गया हैं।

गांधी जन्म शताब्दी वर्ष में मद्यनिषेध

*199. **श्रीमती सुशीला रोहतगी :**
श्री श्रीचन्द गोयल :

क्या विधि तथा समाज कल्याण मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि गांधी जन्म शताब्दी

वर्ष में देश में मद्यनिषेध विधियों को लागू करने के लिए सरकार द्वारा क्या योजनायें बनाई गई थी ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मंत्री (डा० (श्रीमती) फूलरेणु गुह) : मद्यनिषेध के राज्य विषय होने के कारण, इस मामले पर राज्य सरकारों ने कार्यवाही करनी थी।

कामर्शियल क्लर्कों की पदोन्नति के अवसर

*200. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नियुक्ति के बाद कामर्शियल क्लर्कों की पदोन्नति के क्या अवसर हैं ;

(ख) कामर्शियल क्लर्क वर्ग में किन-किन वर्गों को पदोन्नति दी जाती है ;

(ग) किन-किन वर्गों में कामर्शियल क्लर्कों को पदोन्नति मिल सकती है ;

(घ) उपरोक्त भाग (ख) और (ग) में उल्लिखित प्रत्येक वर्ग के लिए दूसरे वर्ग में कितनी प्रतिशत पदोन्नति निश्चित की गई है ; और

(ङ) यदि उनमें कोई विभिन्नता है, तो उसके क्या कारण हैं ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) से (ङ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

रूरकेला में हिंसात्मक घटनायें

*201. **श्री धीरेन्द्र नाथ देव** : **श्री दे० अमात** :
श्री एस० पी० राममूर्ति : **श्री अजमल खां** :

क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 15 अगस्त, 1969 को रूरकेला में हिंसात्मक घटनायें हुई थी ;

(ख) क्या इन घटनाओं के विभिन्न कारणों का पता लगाने के लिये कोई जांच की गई है ; और

(ग) क्या जांच प्रतिवेदन की एक प्रति सभा-पटल पर रखी जायेगी ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग). उक्त घटनायें विद्यार्थियों और कुछ राजनीतिक दलों द्वारा विमलगढ़ और तेलचर को रेल द्वारा मिलाये जाने के लिए किये गये आन्दोलन के कारण हुई थी। चूंकि यह कानून और व्यवस्था का प्रश्न था जिसका उत्तरदायित्व राज्य सरकार पर है, अतः हिन्दुस्तान स्टील लि० के अधिकारियों अथवा भारत सरकार द्वारा इन घटनाओं की कोई जांच नहीं करवाई गई है।

Management of Bennett Coleman and Co. Ltd.

*202. **Shri Prakash Vir Shastri**: Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether any Government's decision regarding the management of M/s. Bennett Coleman and Co. Ltd. had been filed in a Court in Bombay recently ;

(b) whether it is a fact that the Court has not accepted it ;

(c) whether this decision was taken at the Cabinet level or it was a departmental decision which had the approval of the Prime Minister ; and

(d) if so, the full details of the Government's decision filed in the Court ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed): (a) to (d). A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT—2088/69].

भारतीय मानक संस्था द्वारा रिइनफोर्समेंट की प्रक्रिया-संहिता में संशोधन

*203. **श्री शिवप्पा** : **श्री सी० मुत्तुस्वामी** :
श्री क० प्र० सिंह देव :

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें पता है कि भारतीय मानक संस्था ने रिइनफोर्समेंट की प्रक्रिया-संहिता अर्थात् आई० एस० 456, में संशोधन कर दिया है जिससे कि निर्माण कार्य में यदि सामान्य छड़ों और सरियों के स्थान पर अधिक तनाव वाली छड़ों और सरियों का प्रयोग किया जाये तो अधिक जोर दिया जा सके ;

(ख) क्या यह सच है कि इस संशोधन का यह प्रभाव होगा कि अधिक तनाव वाली छड़ों और सरियों के प्रयोग से भार में 40 प्रतिशत इस्पात की बचत होगी ? और

(ग) यदि हाँ, तो इस सामग्री का अधिकाधिक उत्पादन करने के लिए जिससे देश को अत्यधिक लाभ हो सकता है सरकार ने क्या उपाय किये हैं ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) जी, हां। भारतीय मानक संस्था ने भा० मा० 456 में संशोधन किया है जिसके परिणामस्वरूप यदि अधिक तनाव वाली छड़ों और सरियों का प्रयोग किया जाय तो इस्पात पुनर्वलन में अधिक अनुज्ञेय भार डाला जा सकता है। दो अलग-अलग मानक बनाये गये हैं। एक जिसमें गर्म बिरूपित्त छड़ों का प्रयोग किया जाता है और दूसरा, जिसमें कंक्रीट-पुनर्वलन के लिए ठंडी बिरूपित मुड़ी हुई छड़ों का प्रयोग किया जाता है।

(ख) इस्पात की बचत प्रयोग में लाये गये कंक्रीट की किस्म तथा पुनर्वलित कंक्रीट के लिये अपनाए गये डिजाइन पर निर्भर करती है। कुछ दशाओं में अधिक मजबूत मुड़ी हुई छड़ों का अधिक अच्छी किस्म के कंक्रीट के साथ प्रयोग करने से तथा पुनर्वलन के लिए परिणामी भार वाली डिजाइन से साधारण इस्पात के सरियों के भार में 40 प्रतिशत तक कमी की जा सकती है। सामान्य रूप से 25-30 प्रतिशत के लगभग बचत होती है।

(ग) 1968 में इस प्रकार के इस्पात के प्रयोग का प्रचार करने और इसके साथ-साथ उत्पादन में वृद्धि करने के लिये कई कदम उठाये गये हैं। उक्त वर्ष में टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी, इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कंपनी और हिन्दुस्तान स्टील लि० के भिलाई और दुर्गापुर के कारखानों में अधिक तनाव वाली मुड़ी हुई छड़ों के उत्पादन के लिए क्षमता बनाई गई। टाटा ने 1968-69 में 15,000 टन मुड़ी हुई छड़े बेची। चालू वर्षों में उनका 60,000 टन माल सप्लाई करने का विचार है। पिछले वर्ष हिन्दुस्तान स्टील लि० के कारखानों का उत्पादन 3360 टन के लगभग था। इस वर्ष 30,000 टन या 40,000 टन तक उत्पादन होने का अनुमान है। आशा है इस वर्ष इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी का उत्पादन 30,000 टन के लगभग हो जायेगा। आशा है कि इस वर्ष सर्वतोमुखी इस्पात कारखानों में इन छड़ों का उत्पादन 20,000 टन हो जाएगा जबकि पिछले वर्ष उत्पादन केवल 20,000 टन था। बिलेटों की वर्तमान कमी के कारण, विशेष कर उपर्युक्त काम के लिए आवश्यक परिक्षित किस्म के बिलेटों की खपत के कारण पुनर्वेलकों के उत्पादन पर कुछ प्रभाव पड़ा है। सर्वतोमुखी कारखानों द्वारा उत्पादन को बढ़ाने के लिए और कदम उठाये जा रहे है।

B. G. Line from Delhi—Shahdara to Saharanpur

*204. **Shri Raghuvir Singh Shastri** : Will the Minister of Railways be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 2189 on the 5th August, 1969 and state :

(a) whether the survey work for the construction of Broad-Gauge line from Delhi-Shahdara to Saharanpur has since been completed ;

(b) if so, when the construction work is likely to be started and when it is expected to be completed ; and

(c) if not, the causes of delay ?

The Minister of Law and Social Welfare and Railways (Shri P. Govinda Menon) : (a) to (c) The field work on the survey has almost been completed and the report and estimate are under compilation. A decision regarding the construction of the line will be taken after the survey report is submitted to the Railway Board and is examined by them.

रूरकेला में इस्पात कारखाना स्थापित करना

*205. **श्री योगेन्द्र शर्मा :**
श्री जनार्दनन

क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऐसा प्रस्ताव है रूरकेला में एक विशिष्ट इस्पात कारखाना स्थापित किया जाये जो वर्तमान इस्पात कारखाने से संलग्न हो ;

(ख) क्या सरकार विशिष्ट इस्पात कारखाना स्थापित करने के लिए जापान से सहायता मांग रही है ; और

(ग) प्रस्तावित कारखाने की उत्पादन क्षमता क्या है और उसकी अनुमानित लागत क्या है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्णचन्द्र पत) : (क) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने सुझाव दिया है कि रूरकेला इस्पात संयंत्र में एक सी०आर०जी०ओ० चादर संयंत्र स्थापित किया जाये ।

(ख) इस संयंत्र को स्थापित करने के लिये हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड जापानी तकनीकी जानकारी प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहा है ।

(ग) हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा सुझाई गई उत्पादन क्षमता इस प्रकार है :

कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएंटिड चादरें	24,000	टन प्रति वर्ष
कोल्ड रोल्ड नान-ग्रेन ओरिएंटिड चादरें	36,000	
	60,000	

सम्पूर्ण कारखाने के लिये अनुमानित विनियोजन लागत 45 करोड़ रु० है ।

मैसर्स मर्टिन एण्ड कम्पनी से रेलवे लाइनों का प्रबन्ध लेना

*206. **श्री गाडिलिंगन गौड** : क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में मैसर्स मार्टिन एण्ड कम्पनी द्वारा प्रबन्धित रेलवे लाइनों का प्रबन्ध अपने हाथ में लेने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर हां में हो तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी नहीं ।

(ख) मैसर्स मार्टिन बर्न लि० द्वारा प्रबन्धित छः गैर-सरकारी रेलों में से तीन उस क्षेत्र के जिला बोर्ड के ठेके के अन्तर्गत परिचालित हैं जहां वे अवस्थित हैं और इन रेलों में केन्द्रीय सरकार की न तो वित्तीय दिलचस्पी है न उन्हें हस्तगत करने का सांविधिक अधिकार है । उस समय के भारत सचिव (अब राष्ट्रपति) से ठेके पर परिचालित अन्य तीन रेलों में से एक अपने निर्माण काल से ही निकटस्थ सरकारी रेलवे द्वारा चलायी जा रही है । बाकी दो रेलों के ठेके में खरीदने के अलावा सरकार द्वारा उनके प्रबन्ध हाथ में लेने की कोई व्यवस्था नहीं है । ठेके के अधीन समय-समय पर जब कभी खरीदने का समय आता है, सरकार द्वारा इनके खरीदने के प्रश्न पर विचार किया जाता है ।

(ग) सवाल नहीं उठता ।

आयातित वस्तुओं और उपकरणों के स्थान पर काम आने वाली देशी वस्तुओं और उपकरणों का उत्पादन

*207. **श्री एस० आर० दामानी** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उन सभी वस्तुओं और उपकरणों का पता लगा लिया है और

उनकी सूची तैयार करली है जिनका भारत के उद्योगों में अभी निर्माण नहीं हो सका है और इस कारण उनका आयात आवश्यक हो गया है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ग) प्रत्येक कारखाने में क्या विशेष कार्य-क्रम तैयार किये गये हैं जिससे सूचि में से उतनी वस्तुओं का निर्माण किया जा सके जितना कि निर्माण करना संभव हो तथा इस सम्बन्ध में प्रस्ताव क्या है ; और

(घ) लक्ष्य की पूर्ति के लिए सरकार ने क्या पग उठाये हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). सरकार के अन्य विभागों के परामर्श से विदेश व्यापार विभाग द्वारा 1969-70 के वर्ष के लिए प्रकाशित आयात व्यापार नियंत्रण नीति में उन वस्तुओं का उल्लेख किया गया है जिनका देश में पूर्णरूपेण अथवा आंशिकरूप से आयात करने की अनुमति है क्योंकि देश में या तो इनका बिल्कुल ही उत्पादन नहीं हो रहा है। ज्यों हीं एक वस्तु, के उत्पादन की देशी क्षमता स्थापित हो जाती है अथवा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन होने लगता है तो ऐसी वस्तु को आयात करने के प्रयोजन के लिये निषिद्ध सूची में रख दिया जाता है।

(ग) उद्योग के संगठित तथा लघु दोनों क्षेत्रों के उद्यमियों को ऐसी वस्तुओं के निर्माण का विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिनका इस समय आयात किया जा रहा है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में एककों की संख्या अत्यधिक होने के कारण प्रत्येक एकक के लिए कार्यक्रम बना सकना संभव नहीं है।

(घ) आयात को निरन्तर कम करने के लिये उठाये जाने वाले पगों में ये सम्मिलित है—

(1) पूर्व स्वीकृत आयातों की निरन्तर समीक्षा करते रहना और जिनमें परिवर्तन किया जा सकता है, जिससे सुनिश्चिय किया जा सके कि ऐसे संयंत्र तथा उपकरण जो देश में ही प्राप्त हो सकते हों उन्हें बाद में आयात करने की अनुमति न दी जाये।

(2) आयात की वस्तुओं विशेषरूप से अधिक मूल्य वाली और सामरिक महत्व की वस्तुओं को अलग-अलग करने के निरन्तर प्रयास करना जिससे देश के अन्दर ही प्राथमिकता के आधार पर उनके उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सके।

(3) आयातित कच्चे माल पुर्जों तथा फालतू हिस्सों का इसी विशिष्ट विवरण वाले, अथवा इससे मिलते-जुलते विशिष्ट विवरण वाले पुर्जों के स्थान पर देश में निर्मित सामान तथा पुर्जों का प्रयोग करना।

(4) उत्पादन की प्रत्येक इकाई में आयातत कच्चे माल तथा पुर्जों की खपत को कम करना।

(5) रसायनों तथा रसायन उत्पादनों के निर्माण में आधारभूत कच्चे माल से लेकर उनके मध्यवर्ती पदार्थों का अधिकाधिक प्रयोग करना।

(6) यथासंभव कम से कम समय में अधिक से अधिक देशी वस्तुएं प्राप्त करने के लिए अवस्थाबध निर्माण कार्यक्रम को तेज करना।

(7) पूंजीगत वस्तुओं का आयात करने के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों की अधिक सख्ती से जांच पड़ताल करना जिससे ऐसे संयंत्रों तथा उपकरण आदि का जो देश में पहले ही बनाये जा रहे हैं, अथवा बनाये जाने वाले हैं आयात की अनुमति न दी जाये ।

(8) केन्द्र तथा राज्य दोनों सरकारों से सम्बन्धित प्राधिकारियों को निर्देश देना कि वे प्रारम्भ से ही परियोजनाओं की योजना बनाते समय तकनीकी विकास का महानिदेशालय से सम्पर्क रखें ताकि ऐसी वस्तुएं जो देश के अन्दर ही विकसित होने की क्षमता रखती हैं, समय के अन्दर योजना न बना सकने के कारण आयात करने की अनुमति न दे दी जाये ।

(9) आयात प्रतिस्थापन के क्षेत्र में कार्य को प्रोत्साहन देने की योजना भी चल रही है जिसके अन्तर्गत ऐसे व्यक्तियों तथा संस्थानों को, जो आयात में बचत बढ़ाने के व्यवहारिक सुझाव देते हैं, पुरस्कार दिये जाते हैं ।

(10) सरकारी तथा गैरसरकारी दोनों क्षेत्रों के विभिन्न परियोजना प्राधिकारियों को विदेशी से सहयोगियों सभी बनी हुई वस्तुओं के खांके प्राप्त करने के निदेश देना जिससे भारतीय उत्पादक इन खाकों की सहायता से आवश्यक देशी उपकरणों का उत्पादन कर सकें ।

(11) राज्य सरकारों तथा केन्द्र के विभिन्न प्राधिकारियों को किसी भी संयंत्र और उपकरण को चाहे वह उपहार रूप में ही हो, स्वीकार करने से पूर्व काफी पहले तकनीकी विकास का महानिदेशालय से परामर्श ले लेने के निदेश देना जिससे देश में तैयार की जा रही वस्तुओं के अप्रत्यक्ष आयात को रोका जा सके ।

Production Target of Steel

*208. **Shri Maharaj Singh Bharti :** Will the Minister of Steel and Heavy Engineering be pleased to state :

(a) whether Government have made an changes in the target of production of steel in view of its consumption in the country and its export and if so, the details thereof; and

(b) the type and the quantum of steel to be produced by the end of Fourth Five Year Plan and the important industries to be established in the country on that basis ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (K.C. Pant): (a) In view of the long gestation period required to set up capacity for steel making, change in the production target, keeping in view the consumption in the country and export possibilities, is not possible in the short term. However, keeping this in view, a ten-year perspective for steel capacity required in the country is under examination.

(b) A statement is laid on the Table of the House.

STATEMENT

Taking into account the completion of the schemes already in hand, availability of

various categories of steel from the main steel producers by the end of the 4th Plan period would be :

		('000 tonnes)
1.	Bars and rods	849
2.	Wire rods	374
3.	Structurals	1254
4.	Rails	639
5.	Fish Plates	16
6.	Sleepers	68
7.	Wheel sets	95
8.	Narrow, heavy and wide plates	342
9.	Skelp	405
10.	HR Sheets strips and narrow, light plates	1087
11.	CR sheets and strips	617
12.	Tinplates	180
13.	Galvanised sheets	279
14.	Electrical sheets (dynamo grade)	67

The new proposals under consideration include :

(1) expansion of Bhilai, (2) a plate mill, (3) continuation of Bokaro to second stage, (4) action to new steel plants.

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को कोककर कोयले की सप्लाई

*209. श्री ईश्वर रेड्डी :
श्री झारखण्डे :

क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के अधीन इस्पात कारखानों के सामने यह समस्या आ रही है कि उनको घटिया किस्म का कोककर कोयला सप्लाई हो रहा है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कोककर कोयले की सप्लाई अपर्याप्त और अनियमित है ; और

(ग) यदि हाँ, तो यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है कि इस्पात कारखानों को बढ़िया किस्म का कोककर कोयला पर्याप्त मात्रा में सप्लाई हो ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्णचन्द्र पंत) : (क) और (ख). इस समय हिन्दुस्तान स्टील लि० के कारखानों को पर्याप्त मात्रा में कोकिंग कोयले की सप्लाई हो रही है । फिर भी, विभिन्न प्रकार के अपेक्षित कोयले की आपूर्ति को बनाए रखने की समस्यायें हैं ।

(ग) सरकार ने हाल में क्वालिटी को देखने के लिए एक समिति नियुक्त की है । इस

समिति ने संयुक्त रूप से कोयले के नमूने लेने की सिफारिश की है। हिन्दुस्तान स्टील लि० सरकार के परामर्श से तथा कोयला-उत्पादकों से बातचीत करके इस सिफारिश के अनुसार कार्यवाही कर रही है।

World Bank Loan for Special Schemes

*210. **Shri Ram Sewak Yadav :**
Shri Beni Shanker Sharma :

Will the Minister of Railways be pleased to state :

(a) whether the Railway Board is holding negotiations for securing loans from the World Bank for some special schemes :

(b) if so, the particular schemes for which this loan is required and the amount thereof ; and

(c) whether these negotiations between the World Bank and Railway authorities have reached at a final Stage ?

The Minister of Law and Social Welfare and Railways (Shri Govinda Menon) : (a) Indian Railway delegation held negotiations with the International Development Association (an affiliate of the World Bank) during August and September, 1969 for a credit of US $ 55 million equivalent.

(b) This credit is not intended to be used for particular schemes only. The proceeds of this credit will be utilised for meeting the major part of the foreign exchange expenditure of Railways during 1969-70 and 1970-71 for the import of components and materials for manufacture of diesel and electric locomotives and electrical multiple unit, coaches and for import of equipment, components and raw materials for over-head electrification, signalling and telecommunication schemes.

(c) Yes. An agreement for a Credit of US $ 55 million equivalent was signed on 24th September, 1969.

हिन्दुस्तान फोटो फिल्म मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड

1201. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान फोटो फिल्म मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी लिमिटेड के चेयरमैन ने हाल ही में मद्रास में यह स्वीकार किया था कि श्रमिक झगड़े के कारण उनका कारखाना जुलाई अगस्त, सितम्बर, 1969 के लिये फिल्म उद्योग को कोरी फिल्म नहीं दे सका और यदि हां, तो गत दो वर्षों में इस कारखाने में किस प्रकार की और कितनी बार हड़ताल हुई तथा इन हड़तालों में कितने व्यक्तियों ने भाग लिया ;

(ख) तैयार की गई कोरी फिल्म की घटिया किस्म के बारे में फिल्म निर्माताओं से कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा वे किस प्रकार की थीं ;

(ग) गत दो वर्षों में कितनी तथा कितने मूल्य की कोरी फिल्म तैयार की गयीं और इसमें से कितनी मात्रा फिल्म उद्योग द्वारा प्रयोग में लाई गई ; और

(घ) कोरी फिल्म की किस्म को सुधारने के लिए क्या कार्यवाही की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) दि हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्युफैक्चरिंग कम्पना लिमिटेड को फिल्म उद्योग द्वारा की गई कच्ची फिल्म की समूची मांग के पूरा करने में कुछ कठिनाई महसूस हुई है। ऐसा होने का कारण आंशिक रूप में श्रमिक अशांति और कुछ देशी कच्चे माल के इस्तेमाल से उत्पन्न आंशिक तकनीकी कारण और अभी हाल ही में कच्ची फिल्म की मांग में हुई वृद्धि है। फिर भी, श्रमिकों की कोई हड़ताल नहीं हुई हैं।

(ख) जुलाई-सितम्बर 1969 की अवधि में 34,000 रोल की बिक्री करने पर केवल 7 शिकायतें मिली हैं, जिनका सम्बन्ध मुख्यरूप से फिल्म में सूराख होने तथा उसमें खुरच पड़ जाने की खराबी से है।

(ग) सिने फिल्म पाजिटिव (ब्लैक एण्ड व्हाइट) का उत्पादन 1967-69 तक तथा 1968-69 में क्रमशः 0.799 मिलियन बर्ग मीटर तथा 977,483 वर्ग मीटर है और इसकी बिक्री क्रमशः 71.71 लाख रु० तथा 1.46 करोड़ रु० की है।

(घ) प्राप्त शिकायतों को ध्यान में रखते हुए हिन्दुस्तान फोटो फिल्म द्वारा किस्म में सुधार करने के लिये कदम उठाए गए हैं।

गुजरात में रेलवे लाइनों पर डीजल से रेल गाड़ियां चलाने की योजना

1202. **श्री नरेन्द्रसिंह महीडा** : क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गुजरात में यात्री यातायात तथा माल परिवहन के लिये कुछ रेलवे लाइनों पर डीजल से रेल गाड़ियां चलाने की कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हाँ, तो ऐसा किन रेलवे लाइनों के बारे में किया जायेगा ;

(ग) इस प्रयोजन के लिये चौथी योजना में क्या लक्ष्य निश्चित किये गये हैं ; और

(घ) यदि उक्त भाग (ग) का उत्तर नकारात्मक है, तो इसके लिये सविस्तार कारण क्या है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) से (घ) डीजल रेल इंजनों से गाड़ियां चलाने का काम भारतीय रेलों के विभिन्न खण्डों की परिचालन एवं यातायात सम्बन्धी प्रत्याशित आवश्यकताओं पर आधारित एक चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है। गुजरात में रेल मार्गों पर डीजल रेल इंजनों से गाड़ियां चलाने के लिये अलग से कोई कार्यक्रम नहीं बनाया गया है।

पश्चिम रेलवे की अंकलेश्वर राजपीपला लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करना

1203. **श्री नरेन्द सिंह महीडा** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नर्मदा बांध योजना के फलस्वरूप पश्चिम रेलवे की अंकलेश्वर-राज-पीपला लाइन को बड़ी लाइन में परिवर्तित करने की योजना की मंजूरी दे दी गई है ;

(ख) यदि हाँ, तो कार्य के कब तक आरम्भ किये जाने की संभावना है ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस कार्य को आरम्भ करने के प्रश्न पर नर्मदा बांध योजना की अन्तिम रूप से मंजूरी दे देने के पश्चात विचार करेगी ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) इस खंड के आमान परिवर्तन के सवाल पर तभी विचार किया जायेगा जब यातायात में इतनी वृद्धि प्रत्याशित हो कि उसे मौजूदा छोटी लाइन से न सम्हाला जा सके ।

पश्चिम रेलवे के विरार अहमदाबाद सैक्शन का विद्युतीकरण

1204. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पश्चिम रेलवे के विरार-अहमदाबाद सैक्शन का विद्युतीकरण करने के बारे में निर्णय कर लिया है ;

(ख) इस कार्य को कब तक आरम्भ किये जाने की सम्भावना है और यह कार्य विरार तथा बुलसर तथा सूरत, तथा बड़ौदा और बड़ौदा और अहमदाबाद के बीच लगभग कितने समय में पूरा हो जायेगा ; और

(ग) इस कार्य पर कितना व्यय किया जायेगा ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी हां ।

(ख) समूचे खण्ड में विद्युतीकरण का काम पहले ही शुरू हो चुका है । वर्तमान प्रत्याशाओं के अनुसार, विभिन्न खण्डों का विद्युतीकरण नीचे लिखे समय तक पूरा हो जाने की आशा है:-

विरार-बलसाड़	1972-73
बलसाड़-बड़ौदा	1971-72
बड़ौदा-अहमदाबाद	1971-72

(ग) इस योजना पर 32.05 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, जिसमें चल-स्टाक की लागत शामिल नहीं है ।

गुजरात में उद्योगों का विकास

1205. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क्या यह सच है कि गुजरात सरकार ने पैट्रो-रसायन तथा कृषि मशीनों के निर्माण के क्षेत्र में अनेक चुने हुए उद्योगों के विकास के लिये एक अभियान आरम्भ किया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से कहा है कि परिवहन उपदान देने केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क घटाने और विकास सम्बन्धी छूट बढ़ाने जैसे प्रोत्साहन देने आवश्यक होंगे जिससे कि प्रर्याप्त पूंजी तथा तकनीकी जानकारी उपलब्ध हो सके ;

(ग) यदि हां, तो सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ; और

(घ) औद्योगिक कार्यक्रम का विकास करने में उनकी सहायता करने के लिए किस प्रकार की केन्द्रीय सहायता दी जायेगी ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली-अहमद) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

मैसर्स लक्ष्मी आटोसाइकल्स को लाइसेंस दिया जाना

1206. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्वचालित साइकलों/मोटरों तथा स्वचालित गाड़ियों के साथ लगी कारों का निर्माण करने हेतु लाइसेंसों के प्राप्त हुए 96 आवेदन-पत्रों में से केवल 91 आवेदन पत्रों को सरसरी तौर पर ही रद्द कर दिया गया तथा उनमें से चुने गये पांच आवेदकों में से केवल मैसर्स आटोसाइक्ल्स को निर्माण लाइसेंस इसलिये दिया गया क्योंकि उनका पोलैण्ड के के साथ, जो एक साम्यवादी देश है, सहयोग है और यदि हां, तो ऐसा करने के क्या कारण थे ;

(ख) 96 आवेदन-पत्रों में से कितने आवेदकों ने साम्यवादी देशों के साथ तथा कितने आवेदकों ने गैर-साम्यवादी देशों के साथ सहयोग करने का प्रस्ताव किया था और उन देशों के नाम क्या हैं ;

(ग) लक्ष्मी स्वचालित आटोसाइक्ल्स के मालिकों अथवा निदेशकों के नाम क्या हैं, कारखाना कहां स्थित है तथा उत्पादन किस तारीख को आरम्भ हो जायेगा और स्वचालित साईकिलों का विक्रय मूल्य क्या होगा ; और

(घ) जिन चार आवेदकों के आवेदन-पत्र अभी विचाराधीन हैं उनके नाम क्या हैं ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली-अहमद) : (क) मार्च, 1965 में जारी की गयी सार्वजनिक विज्ञप्ति के फलस्वरूप स्वचालित साईकिलों/मोटरों तथा स्वचालित गाड़ियों के बनाने के लिए औद्योगिक लाइसेंस स्वीकृत करने के लिए 96 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे । सभी आवेदन पत्रों की विस्तृत जांच की गई तथा स्वचालित साइकिलों, पांच योजनाएं स्वचालित गाड़ियों को बनाने के हेतु आशय पत्रों को स्वीकृत करने के लिए पांच योजनाएं चुनी गयी । बाकी की योजनाएं रद्द कर दी गई । बाद में मैसर्स लक्ष्मी आटोसाइकल्स लिमिटेड सहित पांच चुनी हुई पार्टियों को आशय पत्र जारी किये गये । इन आशय पत्रों को पार्टियों द्वारा आशय पत्रों की सभी शर्तों को पूरा करने के पश्चात् औद्योगिक लाइसेंसों में बदलना था । मैसर्स लक्ष्मी आटोसाइकल्स ने उनको जारी किये गये आशय पत्र की सभी शर्तों को पूरा कर दिया था अतः उन्हें एक औद्योगिक लाइसेंस स्वीकृत किया गया है । बाकी की चार पार्टियों साथ ही मैसर्स लक्ष्मी आटोसाइकल्स ने जिन्हें आशय पत्र स्वीकृत किये गये थे, आशय पत्र की शर्तों को अभी तक पूरा नहीं किया है । ज्यों ही वे शर्तों को पूरा करेंगे, उन्हें भी औद्योगिक लाइसेंस स्वीकृत हो जायेंगे ।

(ख) प्राप्त 96 आवेदन पत्रों में से पोलैण्ड के साथ 6, युगोस्लोवाकिया के साथ 1, पूर्वी जर्मनी के साथ 2, फ्रांस से 4, जापान के साथ 4, इंगलैंड से 5, इटली से 9, पश्चिमी जर्मनी से 3, स्वीडन से 1, तथा अमरीका के साथ 2 ने सहयोग करने का प्रस्ताव किया है तथा बाकी के आवेदकों ने या तो देशी नमूने तैयार किये है या विदेशी सहयोगियों के नाम नहीं बताये हैं।

(ग) लक्ष्मी आटोसाइकल्स के स्वत्वाधिकारियों अथवा निदेशकों के नाम ये हैं :-

(1) श्री वी० एम० राव

(2) श्री ए० विश्वेश्वर राव

(3) श्री ए० एल० कुमार

(4) श्री पी० आर० रामकृष्णन

यह नया उपक्रम दण्डकारण्य (उड़ीसा) में स्थापित होगा। औद्योगिक लाइसेंस की शर्तों में से एक के अनुसार, पार्टी को नये उपक्रम को 10 सितम्बर, 1970 तक स्थापित करना है। पार्टी ने स्वीकार किया है कि उनकी गाड़ी का कारखाने से निकलते समय का विक्रय मूल्य 700 रु० से अधिक नहीं होगा।

(घ) स्वचालित साइकिलों के बनने के लिए स्वीकृत किये गये आशय पत्र वाली अन्य पार्टियां ये हैं :

एटलस साइकिल इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, सोनीपत, सैन एण्ड पंडित लिमिटेड कलकत्ता, जे० जे० इन्डस्ट्रीयल कारपोरेशन कलकत्ता तथा हिन्दुस्तान स्टील प्रोजेक्ट्स, नई दिल्ली।

दुर्गापुर इस्पात संयंत्र की श्रमिक समस्या

1207. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में श्रमिकों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है और घेराव तथा श्रमिकों की अन्य प्रकार की कुरीतियों के कारण संचालन कुशलता में अब भी बाधा पड़ रही है ;

(ख) पिछले वर्ष श्रमिकों में अनुशासनहीनता के कारण कितने घेराव तथा अन्य घटनाएं हुई ;

(ग) श्रमिकों में अनुशासनहीनता के कारण पिछले वर्ष संयंत्र को कितनी वित्तीय हानि हुई :

(घ) इन चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार द्वारा कौन से व्यवहारिक कदम उठाए गए ; और

(ङ) क्या सरकार अपने यू० पी० के विशेषज्ञों के इस सुझाव पर कि संघ को उत्तर प्रदेश में स्थानान्तरित किया जाय सक्रिय रूप से विचार कर रही है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चंद्र पंत) : (क) पिछले कुछ महीनों में दुर्गापुर इस्पात कारखाने की श्रमिक स्थिति में कुछ सुधार हुआ है यद्यपि

स्थिति को किसी तरह भी सामान्य नहीं कहा जा सकता और उत्पादन में शायद ही कोई सुधार हुआ है।

(ख) वर्ष 1968 में एक घेराव, तीन आम हड़तालें बन्द, पांच पूर्ण रूपेण और चौदह आंशिक कार्य-स्थगन, धीमी कार्य गति के चार उदाहरण कार्य करने के 20 उदाहरण और प्रदर्शन प्रतिनिधि मंडल भेजने के 116 उदाहरण घटित हुए।

(ग) लगभग 39 मिलियन रुपये।

(घ) शिकायत निवारण क्रिया विधि वर्तमान है और कर्मचारियों की वास्तविक शिकायतों पर हमेशा पूरा-पूरा विचार किया जाता है। सामूहिक और व्यक्तिगत शिकायतों को दूर करने के लिये मजदूरों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न स्तरों पर लगातार बातचीत होती रहती है। कई प्रश्नों पर समझौता भी हो चुका है। इसके अतिरिक्त कानून और व्यवस्था कायम रखने के लिए राज्य सरकार से भी सहयोग की मांग की जाती है। राज्य सरकार द्वारा उत्पादन किये जाने के बाद हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन को 5 अगस्त 1969 से प्रतिनिधि मजदूर-संघ के रूप में मान्यता दे दी गई है।

(ङ) सरकार को किसी ब्रिटिश विशेषज्ञ द्वारा किये गये ऐसे किसी प्रस्ताव का ज्ञान नहीं है।

मल को सिर पर उठा कर ले जाने की पद्धति का समाप्त किया जाना

1208. **श्री बाबूराव पटेल** : क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मल को सिर पर उठाकर ले जाने की पद्धति को समाप्त करने के बारे में मलकानी समिति की सिफारिशों के अनुसार केन्द्रीय सरकार ने अब तक राज्यवार कितना धन व्यय किया है ;

(ख) किन राज्यों में मल को सिर पर उठाने की पद्धति को बिल्कुल समाप्त कर दिया गया है ; और

(ग) राज्यों में इस व्यवस्था को समाप्त करने में विलम्ब के क्या कारण हैं ; और इस सामाजिक सुधार को क्रियान्वित करने के लिये केन्द्रीय सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

विधि मन्त्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में राज्य मन्त्री (डा० श्रीमती फूलरेणु गुह) : (क) अब तक खर्च किए गए रुपये का राज्यवार ब्यौरा सभा-पटल पर रखे गये विवरण में दिया गया है।

विवरण

(रुपये लाख की राशियों में)

क्रम संख्या	राज्य का नाम	
1.	आंध्र प्रदेश	27.49
2.	असम	3.48

1	2	3
3.	बिहार	12.43
4.	गुजरात	5.40
5.	महाराष्ट्र	7.45
6.	केरल	7.30
7.	मध्य प्रदेश	4.50
8.	मद्रास	15.19
9.	मैसूर	5.65
10.	उड़ीसा	5.54
11.	पंजाब	16.34
12.	राजस्थान	8.47
13.	उत्तर प्रदेश	18.92
14.	पश्चिम बंगाल	9.77
15.	जम्मू तथा काश्मीर	3.69
16,	हरियाणा	1.15
17.	नागालैंड	—
	जोड़	152.77

(ख) और (ग). विष्ठा को सर पर ढोने की प्रथा के उन्मूलन की योजना में कुछ प्रगति हुई है । विशेषकर केरल तथा महाराष्ट्र में यह प्रथा लगभग समाप्त हो गई है । अलबत्ता कुछ स्थानों पर मेहतरों में सफाई के लिए जागीरदारी प्रथा (रुढ़िगत अधिकार) होने तथा रुढ़िवादी मेहतरों द्वारा काम के नए तरीकों को अपनाने में हिचकिचाहट के कारण इन सिफारिशों पर अमल करना कुछ कठिन हो गया है ।

मनुष्यों द्वारा विष्ठा को ढोया जाना सूखे शौचालयों के निर्माण पर रोक लगाने से तथा सभी सूखे शौचालयों को कलश शौचालयों में परिवर्तित करने से ही बंद किया जा सकता है । गांधी शताब्दी वर्ष में इस कार्यक्रम पर विशेष बल दिया गया है । अलबत्ता, इस कार्यक्रम पर बड़े पैमाने पर खर्च के साथ-साथ नगरपालिका तथा अन्य कानूनों में संशोधन करना होगा ।

हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, राँची का कार्यकरण

1209. **श्री विरेन्द्र कुमार शाह** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 14 अक्तूबर 1969 के इकानोमिक टाइम्स में प्रेग कंफलिक्ट

परसिस्ट्स एट एच० ई० सी०, ए० ई० सी० में प्रेग विवाद का जारी रहना शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या यह सच है कि रूस और चैकोस्लोवाकिया के विशेषज्ञों के बीच दुर्भावना के कारण हैवी इन्जीनियरिंग कारपोरेशन के काम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है ; और

(ग) क्या वह सदन को आश्वासन दे सकते हैं कि चैकोस्लों-वाकिया के विशेषज्ञों को निश्चित अवधि से पूर्व परियोजना छोड़कर जाने से रोकने के लिए समुचित उपाय किये गये हैं जिससे कि फाण्डरी फोर्ज परियोजना के पूर्ण रूप से चालू होने में और अधिक बिलम्ब न हो ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) इस समय चेक विशेषज्ञों का आना और जाना सामान्य और प्रतिनियुक्ति की शर्तों के अनुसार है । अतः विशेषज्ञों के समय से पहले जाने से कार्य पर प्रभाव पड़ने का कोई सवाल ही नहीं है ।

इस्पात की मांग

1210· **श्री विरेन्द्र कुमार शाह** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस्पात के विभिन्न वर्गों की मांग के आंकड़ों से यह पता चलता है कि मार्ग दर्शी दल के प्राक्कलनों कें जिनके आधार पर इस्पात के लिए चौथी योजना बनाई गई थी, बहुत ही अपर्याप्त सिद्ध होने की सम्भावना है ;

(ख) यदि हां तो क्या उनके मन्त्रालय ने चौथी पंचवर्षीय योजना के लिए इस्पात की मांग को वर्णानुक्रम एवं वर्गानुक्रम से पुनः निर्धारित करने का प्रयत्न किया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या वह शीघ्र मांगों का पुनः अध्ययन करवा कर उसके निष्कर्ष सभा पटल पर रखेंगे ?

इस्पात तथा भारी इंजनीयरिंग मंत्रालय भें राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द पंत) : (क) से (ग). कर्णधार समिति के प्राक्कलन दीर्घकाल अथात् चौथी और पांचवी योजना अवाधयों के तक के लिये थे । लम्बी अवधि के लिए प्राक्कलन मोटे तौर पर ठीक प्रतीत होते हैं ।

मांग का पुनर्निधारिण एक सतत प्रक्रिया है । हाल में मंत्रालय में इस्पात की कुछ वस्तुओं की मांग का अध्ययन किया गया है और किया जा रहा है । चौथी योजना के लिए कार्यक्रम में वर्तमान मांग और निर्यात की संभावनाओं को ध्यान में रखा जाएगा ।

उल्टा डांगा रोड रेलवे स्टेशन (पूर्व रेलवे) पर माल डिब्बे का टूटना

1211. **श्री चपलाकान्त भट्टाचार्य** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 12 सितम्बर, 1969 को कलकत्ता के निकट उल्टाडांगा रोड रेलवे स्टेशन पर बड़े पैमाने पर माल डिब्बे छोड़कर सामान निकाल लिया गया था ; और

(ख) इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

रूरकेला और भिलाई इस्पात संयंत्रों में ईरान के तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण

1212. **श्री चमलाकान्त भट्टाचार्य** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस्पोहन में ईरान के रूस द्वारा निर्मित इस्पात कारखाने में सहयोग देने के लिये हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के साथ करार को अन्तिम रूप देने के लिये विशेषज्ञों का एक उच्च स्तरीय दल भारत आ रहा है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि रूरकेला तथा भिलाई में टोलियों में ईरान के 500 तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के बारे में नेशनल ईरानियन स्टील कारपोरेशन तथा हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के बीच पहले ही एक करार हो चुका है ;

(ग) यदि हां, तो इस करार तथा ठेके का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इन को भारत के लिए क्या उपयोगिता है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) हिन्दुस्तान स्टील लि० से मालूम हुआ है कि ईरान के राष्ट्रीय इस्पात निगम ने कम्पनी से इस्पोहन स्थित इस्पात कारखाने के लिए एक औद्योगिक इंजीनियरी विभाग खोलने हेतु सहायता देने के लिए कहा है और इस सम्बन्ध में तीन ईरानी अधिकारी शीघ्र ही भारत आने वाले हैं ।

(ख) जी हां ।

(ग) करार के अनुसार हिन्दुस्तान स्टील लि० ने 500 से ऊपर ईरानी प्रविधिज्ञों को लगभग दो वर्ष तक अपने इस्पात कारखानों में प्रशिक्षण देना स्वीकार किया है । कारपोरेशन सम्मत प्रशिक्षण-व्यय तथा भोजन और निवास, आन्तरिक यात्रा, डाक्टरी इलाज आदि के प्रासंगिक व्यय देगा ।

(घ) इस से दोनों देशों के बीच उद्योग, वाणिज्य और आर्थिक विकास के क्षेत्र में सहयोग और मित्रता के सम्बन्ध और भी दृढ़ होंगे तथा हिन्दुस्तान स्टील लि० को इस्पात के निर्माण में अपने अनुभव का दूसरे विकासशील देशों को लाभ देने का अवसर मिलेगा ।

मशीनों का आयात

1213. **श्री सोमसुन्दरम** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1968-69 में अब तक प्रत्येक देश से किस किस्म की मशीनों का आयात किया गया तथा उन पर कितनी विदेशी मुद्रा खर्च हुई ;

(ख) इन मशीनों का आयात करने के क्या कारण थे ;

(ग) 1968-69 में अब तक प्रत्येक देश को किस किस्म की मशीनों का निर्यात किया गया तथा उनसे जितनी विदेशी मुद्रा की आय हुई ; और

(घ) उसी अवधि में कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित अथवा खोई गई ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क), (ग) और (घ). विवरण सभा-पटल पर रखे जाते हैं। [**ग्रन्थालय में रखे गये। देखिये संख्या एल० टी० 2089/69**]

(ख) इन मशीनों को आयात करने का कारण यह है कि इनकी देशी उद्योगों में आवश्यकता है और ये देशी संसाधनों से प्राप्त नहीं हुई।

Theft of Dynamo Belt at Kanpur

1214. **Shri Ram Charan** : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that in 1968 an inspector of the Railway Protection Force Kanpur, had arrested Shri Baij Nath, proprietor of a firm, who had stolen dynamo belt belonging to the Railways ;

(b) if so, the result thereof ;

(c) whether it is a fact that the said dynamo belt on which the words "Indian Railways" were written, was supplied to the Railways by the Bengal Welding Company, Calcutta ; and

(d) if so, whether Government have permitted the said company to sell in the market the goods bearing the marks of the 'Indian Railways' ?

The Minister of Law and Social Welfare and Railways (Shri Govinda Menon) : (a) Yes.

(b) The case has been registered on Crime No. 35 u/s 3 Railway Property (Unlawful Possession) Act, 1966, at the R. P. F. Post Kanpur and is still under investigation.

(c) The said dynamo belts were manufactured by Bengal Belting Works, Calcutta, but were not found to be according to specification No. IRSE 1463 ; hence were not accepted by the Railway.

(d) The matter is still under investigation.

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष की रूस यात्रा

1215. **श्री कामेश्वर सिंह** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने रूस की यात्रा की ; और

(ख) यदि हां, तो रूस के अधिकारियों ने उन्हें कितने दिनों के लिये वीजा दिया था ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी हां ।

(ख) तीन दिन के लिए ।

औद्योगिक लाइसेंस सम्बन्धी नीति जांच समिति की सिफारिशों की क्रियान्विति

1216. **श्री स० कुण्डू** : **श्री मोहन स्वरूप** :
श्री हुचे गौडा : **श्री जे० के० चौधरी** :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग तथा औद्योगिक लाइसेंस सम्बंधी जांच समिति के बीच अनेक महत्वपूर्ण मामलों के बारे में मतभेद है ;

(ख) यदि हां, तो किन मामलों पर मतभेद है ; और

(ग) क्या उन मतभेदों के कारण उक्त समिति की सिफारिश क्रियान्वित नहीं हो सकी ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख). औद्योगिक लाइसेंसीकरण के मामले में योजना आयोग के विचार ड्राफ्ट फोर्थ प्लान अभिलेख में दिये गये हैं और औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति ने अपने विचार अपनी रिपोर्ट में दिये हैं, जिसकी एक-एक प्रतियां सभी सदस्यों को दी जा चुकी हैं। यद्यपि इस मामले में मूल उद्देश्य मोटे तौर पर समान है, दोनों निकायों की कुछ विशिष्ट सिफारिशों में थोड़ा अन्तर है ।

(ग) औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति की दोनों रिपोर्टों तथा योजना आयोग की भी सिफारिशों, दोनों पर आर्थिक मन्त्रालय के सहयोग से सरकार विचार कर रही है ।

जयपुर में विधि मंत्रियों का सम्मेलन

1217. **श्री एस० एम० कृष्ण** **श्री यज्ञदत्त शर्मा** :
श्री ए० श्रीधरन : **श्री हरदयाल देवगुण** :
श्री क० लकप्पा : **श्री जय सिंह** :

क्या **विधि तथा समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान हिन्दुस्तान टाइम्स में 15 अक्तूबर, 1969 को प्रकाशित उस समाचार की ओर गया है, जिसमें कहा गया था कि अक्तूबर, 1969 में जयपुर में विधि मन्त्रियों का एक सम्मेलन हुआ था ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्मेलन में भाग लेने वाले सदस्यों के नाम तथा संख्या क्या है ?

(ग) उसमें किस प्रकार का विचार-विमर्श किया गया तथा क्या क्या निर्णय किए गए ; और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विधि मंत्रालय तथा समाज कल्याण विभाग में उप-मन्त्री (श्री मु० यूनुस सलीम) : (क) जी हां। हिन्दी भाषी राज्यों के विधि तथा भाषा मन्त्रियों का एक सम्मेलन, संघ के विधि मन्त्री की अध्यक्षता में 13 और 14 अक्तूबर, 1969 को जयपुर में हुआ था।

(ख) सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रधान व्यक्तियों की एक सूची सभा के पटल पर रख दी गई है (परिशिष्ट 'क')। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 2090/69]

(ग) सम्मेलन का आयोजन मुख्य रूप से हिन्दी भाषी राज्यों के विधि विभागों तथा न्यायालयों की भाषा के रूप में हिन्दी के प्रयोग के विषय में इन राज्यों में विद्यमान विनिश्चयों, विधियों, आदेशों, संगठनों की बनावट तथा प्रक्रियाओं का पुनर्विलोकन करने के लिए तथा हिन्दी को विधान निर्णयों, डिक्रियों आदेशों आदि की प्रधान भाषा बनाने के उपायों पर विचार करने के लिए किया गया था। एक विवरण सभा के पटल पर रखा जाता है जिसमें सम्मेलन द्वारा की गई सिफारिशें दी गई हैं (परिशिष्ट 'ख')। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 2090/69]

(घ) सम्मेलन की सिफारिशों की परीक्षा हो रही है।

फर्मों द्वारा विदेशियों की नियुक्ति के नियमितीकरण के लिए परमिट पद्धति

1218. **श्री एस० एम० कृष्ण :**
श्री मोहन स्वरूप :
श्री श्रीनिवास मिश्र
श्री अजमल खां :
श्री महेन्द्र माझी :
श्री नन्द कुमार सोमानी :
श्री रा० की० अमीन :
श्री दे० अमात :
श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विदेशी सहयोग से चल रही फर्मों द्वारा विदेशियों की नियुक्ति के विनियमन के लिए 'परमिट पद्धति' लागू करने का एक विचार सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो वह प्रस्ताव किस स्थिति में है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख). साधारण तथा विदेशियों का प्रवेश वीसा विनियमों से नियमित है। फिर भी, वर्तमान में ये राष्ट्र-मण्डल देशों के नागरिकों पर लागू नहीं होते हैं। इस बारे में प्रक्रिया की एकरूपता का प्रश्न विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में विदेशियों की नियुक्ति के विनियमन के लिए "परमिट पद्धति" के प्रश्न पर भी विचार किया जायेगा।

पिछड़े क्षेत्रों में उद्योगों का विकास

1219. **श्री लोबो प्रभु** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए कि पिछड़े क्षेत्रों में लगाये गये उद्योगों को 10 प्रतिशत पूंजी दी जायेगी और पांच वर्ष के लिये निगम कर से छूट दी जायेगी, क्या पहले से विद्यमान ऐसे अलाभप्रद उद्योगों के कारण करों तथा मूल्यों में हुई वृद्धि का कोई हिसाब लगाया गया है ;

(ख) चूंकि इसका भार उन करदाताओं पर पड़ता है जो पहले से दबे हुए हैं और उन उपभोक्ताओं पर पड़ता है जिनकी संख्या मूल्यों में वृद्धि हो जाने के कारण कम हो गई है, पिछड़े क्षेत्रो में औद्योगीकरण का लाभ किन लोगों को होता है ;

(ग) क्या पिछड़े क्षेत्रों के उद्योगों से स्थानीय लोगों और आसपास के क्षेत्रों को होने वाले लाभ का अनुमान लगाने के लिये कोई प्रयत्न किया गया है ;

(घ) यदि हाँ, तो क्या लाभ हुए हैं ; और

(ङ) पिछड़े क्षेत्रों में सड़कों, मकानों, सिनेमाओं जैसी सुविधाओं का विकास न किये जाने के क्या कारण हैं जिन पर कि, भिन्न आधारभूत ढांचों पर आधारित कारखानों की अपेक्षा कहीं कम लागत आती है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ङ). आवश्यक जानकारी इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

इंजीनियरी तथा तकनीकी स्नातकों के लिये औद्योगिक सहकारी समितियों का गठन

1220. **श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे** : क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्ण रूप से इंजीनियरी तथा तकनीकी स्नातकों के लिए औद्योगिक सहकारी समितियों के गठन के लिए सरकार ने कोई योजनाएं बनाई हैं ; और

(ख) क्या विशाल सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के आसपास लघु उद्योगों के अन्तर्गत सहायक उद्योग बनाने के बारे में आरक्षण करने की सरकार की हाल की घोषणा से इंजीनियरी स्नातकों की औद्योगिक सहकारी समितियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) सरकार ने इन्जीनियरों के लिए अतिरिक्त रोजगार के अवसर प्रदान करने के बहुत से उपायों को स्वीकार कर लिया है । इन स्वीकृत उपायों में से एक उपाय यह है कि इन्जीनियरों को निर्माण कार्य करने अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि संबंधी मशीनों की मरम्मत करने के केन्द्र खोलने के लिए सहकारी समितियां स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए ।

लघु उद्योग स्थापित करने के इच्छुक इन्जीनियरों को वित्तीय सहायता देने के लिए नमूने की एक योजना इस मन्त्रालय द्वारा तैयार की गई है और वह विचार करने तथा राज्य की योजनाओं से सम्मिलित करने के लिए राज्य सरकारों को भेज दी गई है। इस योजना के अधीन औद्योगिक सहकारी समितियों को अधिमान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, योग्यता प्राप्त इन्जीनियरों/तकनीशियनों की सेवाओं का उपयोग चुनी हुई औद्योगिक सहकारी समितियों में प्रबन्धकों/सचिवों के पद पर करने हेतु प्रोत्साहन देने वाली एक योजना भी राज्य सरकारों को भेज दी गई है।

(ख) जी, हां।

हिमाचल प्रदेश में अखबारी कागज निर्माण कारखाने का स्थापित किया जाना

1221. **श्री नन्द कुमार सोमानी :**
श्री सु० कु० तापड़िया :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश में अखबारी कागज बनाने का एक कारखाना स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि यह प्रस्ताव 1963 से सरकार के विचाराधीन है ;

(ग) यदि हां, तो हिमाचल प्रदेश में इस कारखाने की स्थापना में इतना अधिक समय लगने के क्या कारण हैं ; और

(घ) इस बारे में सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (घ). मैं० श्रीगोपाल पेपर मिल्स लि० को हिमाचल प्रदेश में अखबारी कागज का एक कारखाना स्थापित करने के लिए 31 जनवरी, 1961 को एक औद्योगिक लाइसेंस दिया गया था। हिमांचल प्रदेश सरकार तथा कम्पनी के बीच कच्चे माल की उपलब्धता का निर्धारण करने तथा पट्टे के लिए करार पर बातचीत करने में काफी समय लगा। इस बीच कागज, अखबारी कागज उद्योग को 20 जुलाई, 1966 से उद्योग (विकास तथा विनियमन) अधिनियम, 1951 के लाइसेंस देने सम्बन्धी उपबंधों से मुक्त कर दिया गया। कम्पनी तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच पट्टे के विषय में चल रही बातचीत अब अन्तिम अवस्था में पहुंच गई बताई जाती है।

Industries in Pauri-Garhwal (U. P.)

1222. **Shri Arjun Singh Bhadoria :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that timber from the jungles of Garhwal (U. P.) is brought to the plains through the sacred river in that region and big industries are being set up their ;

(b) whether no industry can be established at Pauri-Garhwal where all this timber can be utilised ; and

(c) if so, the reasons on account of which no industry has been established in Garhwal even after twenty-two years of Independence ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) to (c). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

लखनऊ में प्रथम श्रेणी रेलवे क्लर्क द्वारा आत्म हत्या

1223. **श्री क० लकप्पा :** **श्री ए० श्रीधरन :**
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **रेलवे मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सितम्बर, 1969 के आसपास लखनऊ के एक प्रथम श्रेणी रेलवे क्लर्क श्री एस० एन० मुकर्जी ने आत्म-हत्या कर ली थी ;

(ख) यदि हां तो क्या यह भी सच है कि विष खाने से पूर्व श्री मुकर्जी ने उच्च अधिकारियों को एक पत्र लिखा था जिसमें उसने कुछ रेलवे अधिकारियों के विरुद्ध गम्भीर आरोप लगाये थे ;

(ग) क्या सरकार ने इस मामले की कोई जांच करवाई है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है और सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है या करने का विचार हैं ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मन्त्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) रिपोर्ट मिली है कि उत्तर रेलवे, लखनऊ के टेण्डर क्लर्क, श्री एस० एन० मुकर्जी की 1-9-69 को मृत्यु हो गयी। उनकी मृत्यु किस कारण और किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच उत्तर प्रदेश की राज्य पुलिस द्वारा की जा रही है।

(ख) रेल प्राधिकारियों को ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है।

(ग) और (घ). इस स्थिति में इसका सवाल नहीं उठता क्योंकि यह मामला पहले ही राज्य पुलिस के पास है।

जय इंजीनियरिंग वर्क्स, कलकत्ता की पूंजी

1224. **श्री ए० श्रीधरन :** **श्री क० लकप्पा :**
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जय इंजीनियरिंग वर्क्स, कलकत्ता की स्थापना के समय और 31 मार्च, 1969 को उसकी अधिकृत और प्रदत्त पूंजी कितनी कितनी थी ;

(ख) इस कम्पनी को 31 अगस्त, 1969 तक केन्द्रीय सरकार, बैंकों अथवा अन्य कम्पनियों से अलग-अलग कितना ऋण प्राप्त हुआ ;

(ग) गत तीन वर्षों में कम्पनी ने ब्याज के रूप में कितनी धन राशि दी ; और

(घ) उक्त अवधि में कम्पनी के निष्पादित कार्य का ब्यौरा क्या है और वर्ष 1969-70 के लिए इसके क्या अनुमान हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) मैसर्स जय इन्जीनियरिंग वर्क्स, कलकत्ता, 8-11-1935 को निगमित हुआ था। परन्तु कम्पनी का सबसे पहले का वार्षिक लेखा, 30 सितम्बर, 1939 को वर्ष समाप्ति की ही बाबत उपलब्ध है। इस तिथि तक कम्पनी की अधिकृत पूंजी 15 लाख रुपये तथा प्रदत्त पूंजी 5 लाख रुपये थी। 31 मार्च, 1969 तक, कम्पनी की अधिकृत पूंजी 5 करोड़ तथा इसकी प्रदत्त पूंजी 2.47 करोड़ रुपयों की हो गई।

(ख) चूंकि यह कम्पनी इतने पहले अर्थात्, 8 नवम्बर, 1935 को पंजीकृत हुई थी, अतः कम्पनी द्वारा विभिन्न प्रसाधनों से, इसकी सम्पूर्ण अवधि के मध्य, कुल ऋणों की बाबत सूचना देना संभव नहीं है। तथापि, 31 मार्च, 1969 तक शेष ऋणों के ब्यौरे निम्नलिखित हैं :—

प्रतिभूति ऋण		रुपये
ऋण-पत्र		38,02,163
बैंकों से		4,21,60,854
आई० सी० एण्ड आई० सी० आफ० इंडिया लि० से		22,50,000
केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों से		72,626
	योग	4,82,86,643
प्रतिभूति रहित ऋण		
प्रबन्ध अभिकर्त्ता		88,491
सावधि निक्षेप		18,63,194
अन्यों से		2,45,828
	योग	21,97,513
प्रतिभूति एवं प्रतिभूति रहित ऋणों से प्राप्त ब्याज		1,62,399

(ग) गत तीन वर्षों में से प्रत्येक के मध्य, जिनके वार्षिक लेखा उपलब्ध है, कम्पनी द्वारा दी गई ब्याज के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं :—

वर्ष समाप्ति के मध्य दिया गया		रुपये
31 मार्च, 1967		35,97,324
31 मार्च, 1968		37,3?,604
31 मार्च, 1969		36 26,631
	योग	1,09,57,559

(घ) कम्पनी के गत तीन वर्षों के कार्य संचालन के बादत ब्यौरे निम्न प्रकार हैं :—

(आंकड़े, 000 रु० में)

	31-3-67	31-3-68	31-3-69
बिक्री	12,00,71	12,43,90	14,54,95
करों से पहले लाभ	44,49	41,11	75,38
करों से पश्चा लाभ	16,49	15,41	25,38
इक्विटों लाभांश घोषित किये गये	कुछ नहीं	8%	10%

1569-70 के प्राक्कलन सरकार के पास उपलब्ध नहीं है ।

पार्क डेविस इंडिया लिमिटेड, बम्बई

1225. **श्री ए० श्रीधरन :** **श्री क० लक्कप्पा :**
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पार्क डेविस इंडिया लिमिटेड, बम्बई की स्थापना के समय और 31 मार्च, 1969 को इसकी अधिकृत और प्रदत्त पूंजी क्रमशः कितनी कितनी थी ;

(ख) इस कम्पनी को 31 अगस्त, 1969 तक केन्द्रीय सरकार बैंकों अथवा अन्य कम्पनियों से अलग-अलग कितना ऋण प्राप्त हुआ ;

(ग) गत तीन वर्षों में कम्पनी ने ब्याज के रूप में कितनी धनराशि दी ; और

(घ) उक्त अवधि में कम्पनी के निष्पादित कार्य का ब्यौरा क्या है और वर्ष 1969-70 के लिए इसके क्या अनुमान हैं ?

औद्योगिक विकास आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) मैसर्स पार्क डेविस (इंडिया) लिमिटेड के निगमन के समय, इसकी अधिकृत एवं

प्रदत्त पूंजी क्रमशः 2 करोड़ तथा 87.50 लाख रु० थी । 30 नवम्बर, 1968 को वर्ष समाप्ति के नवीनतम उपलब्ध वार्षिक लेखों के अनुसार, अधिकृत पूंजी 2 करोड़ रुपयों की ही रही है, परन्तु इसकी प्रदत्त पूंजी, 1.05 करोड़ रुपयों तक हो गई ।

(ख) कम्पनी द्वारा इसके निगमन के समय से, विभिन्न प्रसाधनों से प्राप्त किये गये कुल ऋणों की बाबत सूचना उपलब्ध नहीं है । तथापि, इसके 30 नवम्बर, 1969 के वार्षिक लेखे के अनुसार, उक्त तिथि तक कोई ऋण शेष नहीं थे ।

(ग) कम्पनी ने, 30 नवम्बर, 1968 की वर्ष समाप्ति में ब्याज के रूप में 6091 रु० दिये । 1966 तथा 1967 के वर्षों के मध्य, कम्पनी ने कोई ब्याज नहीं दिया ।

(घ) कंपनी के गत तीन वर्षों के कार्य संचालन के ब्यौरे निम्नलिखित है :

(आंकड़े '000 रु० में)

	30-11-66	30-11-67	30-11-68
बिक्री	5,27,88	5,38,06	6,36,68
करों से पहले लाभ	2,68,33	2,43,57	2,92,73
करों के पश्चात लाभ	72,98	67,39	1,01,55
लाभांश दिये गये	65%	65%	50%
लाभांश घोषित किये गये	55%	50%	50%

1969-70 के प्राक्कलन सरकार के पास उपलब्ध नहीं है ।

मैसर्स निरलोन सिंथैटिक फाइबर्स एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड, गोरे गांव बम्बई

1226. **श्री ए० श्रीधरन :**
श्री क० लकप्पा :
श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) निरलोन सिंथैटिक फाइबर्स एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड, गोरेगांव (बम्बई) की स्थापना के समय तथा 31 मार्च, 1969 को इसकी अधिकृत तथा प्रदत्त पूंजी क्रमशः कितनी-कितनी थी ;

(ख) इस कंपनी ने 31 अगस्त, 1969 तक सरकार, बैंकों अथवा अन्य फर्मों से कितना-कितना ऋण लिया था ;

(ग) इस कम्पनी ने गत तीन वर्षों में ब्याज के रूप में कितनी धन राशि का भुगतान किया ; और

(घ) उपर्युक्त अवधि में इसके निष्पादित कार्य का ब्यौरा क्या है और वर्ष 1969-70 के लिये इसका क्या अनुमान है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) मैसर्स निरलोन सिंथैटिक किब्रोज एण्ड कैमिकल्स लिमिटेड, के निगमन के समय,

इसकी अधिकृत एवं प्रदत्त पूंजी क्रमश: 25 लाख तथा 30 हजार रुपये थी। 31 मार्च 1969 को इसकी अधिकृत पूंजी 10 करोड़ तथा प्रदत्त पूंजी 2.31 करोड़ रुपयों की हो गई।

(ख) कम्पनी द्वारा इसके निगमन के समय से, विभिन्न प्रसाधनों से प्राप्त किये गये कुल ऋणों की बाबत सूचना उपलब्ध नहीं है। तथापि, 31 मार्च, 1969 तक 69,02,582 रुपयों की राशि का एक ऋण, केवल एक ही प्रसाधन अर्थात दो इन्डस्ट्रियल क्रेडिट एण्ड इंवैस्टमैंट कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड से प्राप्त, शेष था।

(ग) गत तीन वर्षों में से प्रत्येक के मध्य, कम्पनी द्वारा दी गई ब्याज के ब्यौरे निम्नलिखित है :

वर्ष समाप्ति के मध्य दिया गया	रु०
31-3-1967	2,39,982
31-3-1968	9,92,652
31-3-1969	8,62,784

(घ) कम्पनी के गत तीन वर्षों का कार्य संचालन, निम्नलिखित सारिणी से प्रदर्शित है :

('000 रुपयों में)

	31-3-67	31-3-68	31-3-69
बिक्री	9,38,09	10,66,99	14,01,57
करों से पहले लाभ	4,08,97	3,77,74	2,04,73
करों के पश्चात लाभ	2 01,97	1,99,74	1,16,73
लाभांश घोषित किये गये	15%	15%	15%

1969-70 के प्राक्कलन, सरकार के पास उपलब्ध नहीं है।

प्रबन्ध अभिकरणों सम्बन्धी समवाय अधिनियम के उपबन्धों का उल्लंघन

1227. **श्री लोबो प्रभु :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) औद्योगिक विकास बैंक के गत वार्षिक प्रतिवेदन के संदर्भ में ऐसी कम्पनियों के नाम क्या हैं जिन्होंने एक मात्र बिक्री एजेन्सियों, प्रबन्ध परामर्श व्यवस्था और बहुकार्यकारी निदेश के पदों द्वारा प्रबन्ध अधिकरणों के विरुद्ध बनाये गये समवाय अधिनियम का उल्लंघन किया है ;

(ख) इन कम्पनियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) क्या बैंक के इस निष्कर्ष को कि बड़े व्यापारियों का नये औद्योगिक उपक्रमों में

अपना बहुत कम धन है ध्यान रखते हुए बड़े पैमाने के उद्योगों के प्रस्तावित नियन्त्रण का छोटे अंशधारियों और सरकार को अपने संस्थागत वित्त पर कोई प्रभाव नहीं होगा ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) भूतपूर्व प्रबन्ध अभिकर्ताओं को, उनके पहले को प्रबंधित कम्पनियों में, अनन्य विक्रेता अभिकर्ताओं (एक मात्र विक्रेता अभिकर्ता के ही अर्थ में) के पदों पर नियुक्ति, एवं प्रबंध एवं पूर्व-कालिक निदेशकों के पदों पर नियुक्ति, कंपनी अधिनियम के उपबन्धों द्वारा विनियमित है, एवं इस प्रकार की नियुक्तियों के लिये, केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन आवश्यक है। किसी विशिष्ट मामले में इस प्रकार का अनुमोदन, कम्पनी के हितों के विभेद एवं चिन्तना को देखते हुए किया जाता है। दूसरी ओर कम्पनियों के प्रबन्ध परामर्शदाताओं के पदों की नियुक्ति के लिये, केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन अपेक्षित नहीं है वे ऐसे बहुत ही कम मामले प्रकाश में आये हैं, जहां भूतपूर्व प्रबन्ध अभिकर्ताओं को प्रबन्ध परामर्शदाताओं के पदों पर नियुक्त किया गया है। कानून के अन्तर्गत अनुज्ञेय नियुक्तियां इसके विरुद्ध नहीं कही जा सकतीं। फिर भी, इसको दूर करने के लिये, करणीय आवश्यक कार्यवाही हेतु, इस प्रवृत्ति पर, एक तीक्ष्ण दृष्टि रखी जा रही है।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

(ग) इंडस्ट्रीयल डवलपमेंट बैंक आफ इंडिया की अन्तिमतम वार्षिक रिपोर्ट में उल्लिखित है कि वृहद् परियोजनाओं के प्रवर्तकों का प्रायः जहां तक संभव हो, संस्थानों से अंशदान लेने तथा इस प्रकार के वित्त प्रबन्धन के रूप का आश्रय लेने का प्रयास रहा है कि अपने निज के प्रसाधनों से अनुरूप अंशदान के बिना उनकी स्थिति सुदृढ़ रहे। बैंक ने इस बात पर बल दिया कि प्रवर्तन-उपक्रमियों का जोखिम पूंजी में उच्चतर हिस्सा होना चाहिए एवं उन्हें उधार पर आश्रित नहीं रहना चाहिये। यह एक ठोस सिद्धांत है जिसे, जैसी कि आशा की जाती है, बैंक इस प्रकार के प्रार्थना-पत्रों पर कार्यवाही करते समय अपने ध्यान में रखेगा।

Production of Luxury Goods

1228. **Shri K. M. Madhukar** : will the Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs be pleased to state :

(a) whether Government consider it proper to reduce the production of luxury goods in the country and to divert the capital saved thereby to the production of other goods and to other works in order to make up the deficiency of resources for the Fourth Five Year Plan ;

(b) if so, the scheme formulated by Government in this regard ;

(c) the steps taken by Government for the implementation of that scheme and the result achieved ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) Through industrial licensing, efforts are made to ensure that scarce resources, including foreign exchange, are channelised in desired directions of production and manufacture. Licensing being, however, primarily a negative instrument such resource diversion is only possible up to a certain extent. The Industrial Licensing Policy

Inquiry Committee have, in their Report, recommended *inter-alia*, that there should be bans for specific periods on the creation of further capacity in luxury-goods industries which make large drafts on scarce resources.

(b) to (d). The various recommendations of the Committee, including the one mentioned above, are under consideration of the Government and the decisions are likely to be announced shortly.

विदेशी सहयोग

1229. **श्री रवि राय :** क्या औद्योगिक विकास आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार विरोधी सहयोग के क्षेत्र में चयनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सोच रही है ;

(ख) क्या सरकार ने विलास की वस्तुओं के निर्माण में सहयोग की अनुमति न देने का निर्णय किया है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). विदेशी सहयोग के विषय में सरकार की नीति यह है कि जहां बहुत आवश्यक हो ऐसे ही अनुमति दी जाय। देश में उद्योगों के वृहद् विस्तार तथा वृद्धिगत देशीय तकनीकी के फलस्वरूप ऐसे प्रस्तावों के सम्बन्ध में अत्यधिक चयनात्मक विधि का प्रयोग किया जाता है। विलासिता की सामग्रियों के लिये विदेशी सहयोग तब तक सामान्य रूप से नहीं अनुमत किये जाते हैं जब तक कि योजना विशेष रूप से निर्मातान्मुखी न हो।

विदेशी मुद्रा की बचत

1230. **श्री रा० कृ० बिड़ला :** क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत में निर्माण कार्य में भारतीय पुर्जों में वृद्धि लाने के लिये अपेक्षित वस्तुओं के उत्पादन में तेजी लाने में क्रमबद्ध कार्यक्रम और आयात की जाने वाली नई वस्तुएं भारत में बनाने के अनेक प्रयासों के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा की काफी बचत हुई है ;

(ख) यदि हां, तो इस कारण गत तीन वर्षों में वर्षवार विदेशी मुद्रा की कितनी बचत हुई है ;

(ग) किन-किन वस्तुओं का निर्माण किया गया है जिनमें विदेशी मुद्रा की बचत हुई है ; और

(घ) चौथी योजना में विदेशी मुद्रा की अधिक बचत करने के लिए इस दिशा में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां।

(ख) यद्यपि आयात प्रतिस्थापन के क्षेत्र में अपनाये गये अनेक अभ्युपायों के परिणाम स्वरूप विगत 3 वर्षों में विदेशी मुद्रा की कितनी बचत हुई है इसका ठीक ठीक आंकना बहुत कठिन है, लेकिन मोटे तौर पर विगत तीन वर्षों में 100 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा के बचत का अनुमान है ।

(ग) आयात प्रतिस्थापन कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त उद्योग परिक्षेत्र आ जाता है अतएवं किस किस वस्तु के आयात में कमी हुई है इसकी कोई तालिका नहीं बनाई जा सकती है इसके परिक्षेत्र में समस्त आयात प्रतिस्थापन प्रयत्न आ जाते हैं ?

(घ) विदेशी मुद्रा में अधिक बचत करने की दृष्टि से आगामी वर्षों में निम्नलिखित कदम उठाये जा रहे हैं ।

(i) आयातित कच्चे माल/हिस्से पुर्जों फालतू पुर्जों का देश में उत्पादित माल, हिस्से पुर्जों तथा उसी विशिष्ट प्रकार के हिस्से पुर्जों अथवा उसी से मिलते जुलते प्रकार के हिस्से पुर्जों द्वारा प्रतिस्थापन करना तथा उनके विकास के लिये प्राथमिकता प्रदान करना ।

(ii) प्रत्येक एकक के उत्पादन में आयातित कच्चे माल तथा हिस्से पुर्जों की खपत में कमी करना ।

(iii) रसायनों तथा रसायन उत्पादों को उनके माध्यमों से उत्पादन करने को प्रगामी रूप से उनके आधार भूत कच्चे माल से उत्पादन करना ।

(iv) अल्पतम समय में देशीय अन्तर्वस्तुओं की बहुलता के हेतु प्रावस्थाबद्ध उत्पादन कार्यक्रम में वृद्धि करना ।

(v) पूंजीगत माल के आयात की भली भांति संवीक्षा करना जिससे कि इस बात का सुनिश्चय हो सके कि देश में उत्पादित हो रहे या भविष्य में उत्पादित किये जाने वाले संयंत्रों तथा उपकरणों का आयात न हो ।

(vi) केन्द्र तथा राज्यों के सम्बन्धित प्राधिकारियों को तकनीकी विकास के महानिदेशालय का सहयोग करने के लिए अनुदेश जारी कर दिये गये हैं ताकि इसका सुनिश्चय किया जा सके कि समय पर योजना न होने के कारण वे उपकरण जो देश में ही विकसित किये जा सकते हैं उनके आयाय को अनुमति न प्रदान कर दी जाये ।

(vii) आयात प्रतिस्थापन के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने की योजना द्वारा आयात में कमी करने के क्रियात्मक सुझाव देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को पुरस्कार देना ।

(viii) सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र की प्रायोजनाओं के प्राधिकारियों के विदेशी सहयोगियों से तैयार वस्तुओं के ड्राइंग प्राप्त करने के अनुदेश देना जिससे इन ड्राइंगों से भारत में हीं ऐसी वस्तुओं का उत्पादन किया जा सके ।

(ix) ऐसे अनुदेश देना कि विदेशों से उपहारों के प्राप्त करने में भी करार करने से पूर्व तकनीकी महानिदेशालय को सूचित किया जाये जिससे कि देश में उपलब्ध उपकरणों वस्तुओं को आयात का निवारण हो सके ।

मंसूरी एक्सप्रेस गाड़ी के मार्ग में परिवर्तन

1231. श्री **एस० के० सम्बन्धन : क्या रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंसूरी एक्सप्रेस को उसके निर्धारित मार्ग से हटाकर अन्य मार्ग पर चलाया गया था जिसके परिणामस्वरूप चार घंटे से अधिक विलम्ब हुआ ;

(ख) क्या ऐसा एक विशेष व्यक्ति को सन्तुष्ट करने के लिए किया गया था ;

(ग) क्या नये मार्ग पर पेश आने वाले ख़तरों के बारे में यात्रा करने वाली जनता से सरकार को अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ; और

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मन्त्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) से (घ). गजरौला मुग़लसराय नारायण खण्ड पर दूसरे विश्वयुद्ध से पूर्व की स्थिति के अनुसार, एक तेज गाड़ी की व्यवस्था करने के लिए जनता द्वारा बार बार मांग करने के कारण 41 अप/42 डाउन दिल्ली-देहरादून मंसूरी एक्सप्रैस गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन करके 9-9-69 से इन्हें इस खंड के रास्ते चलाया गया था। इस मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इन गाड़ियों की कुल यात्रा में लगने वाले समय में 'अप' दिशा में 45 मिनट और 'डाउन' दिशा में 25 मिनट की वृद्धि हुई। प्रारम्भ में इस गाड़ी के मार्ग परिवर्तन के विरुद्ध जनता के एक वर्ग से जो थोड़ी सी शिकायतें मिलीं उनके उत्तर में उन कारणों का उल्लेख कर दिया गया था, जिनकी वजह से इन गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया गया था।

नेशनल इन्सुलेटिड केबल कम्पनी बंगाल

232. श्री **ए० श्रीधरन : श्री कं० लकप्पा :**

श्री एस० एम० कृष्ण :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नेशनल इन्सुलेटिड केबल कम्पनी पश्चिमी बंगाल की स्थापना के समय और 31 मार्च 1969 को इसकी अधिकृत और प्रदत्त पूंजी क्रमशः कितनी-कितनी थी ;

(ख) इस कम्पनी ने 31 मार्च, 1969 तक सरकार, बैंकों अथवा अन्य फर्मों से कितना-कितना ऋण लिया ;

(ग) इस कम्पनी ने गत तीन वर्षों में ब्याज के रूप में कितनी धन-राशि का भुगतान किया ;

(घ) गत तीन वर्षों में इसके निष्पादित कार्य का ब्यौरा क्या है और यदि इसे लाभ अथवा हानि हुई है तो कितनी ; और

(ङ) यदि इसे हानि हुई हैं तो उसके क्या कारण हैं और वर्ष 1969-70 के लिए इसके क्या अनुमान हैं ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) मैसर्स नेशनल इन्सुलेटेड केबिल कम्पनी आफ इंडिया लि० के, निगमन के समय की अधिकृत पूंजी एवं प्रदत्त पूंजी उपलब्ध नहीं है। तथापि, इसको 31 मार्च, 1943 के प्रथम उपलब्ध तुलन-पत्र के अनुसार, इसकी अधिकृत पूंजी 50 लाख रुपये एवं प्रदत्त पूंजी 15 लाख रुपये थी। 1968-69 के वर्ष के इसी प्रकार के आंकड़े, 2.50 करोड़ रुपये तथा लगभग 2.03 करोड़ रुपये के है।

(ख) कम्पनी द्वारा, इसके निगमन के समय से, विभिन्न प्रसाधनों से प्राप्त किये गये कुल ऋणों की बाबत, सूचना उपलब्ध नहीं है तथापि 31 मार्च 1969 तक शेष ऋणों के ब्यौरे निम्नलिखित है :—

प्रतिभूति ऋण	रुपये
सरकार से	कुछ नहीं
बैंकों से (अधिविकर्ष)	44,94,393
ऋण-पत्र	25,00,000
अन्य पार्टियों से ऋण	कुछ नहीं
योग	69,94,393

प्रतिभूति रहित ऋण	रुपये
	कुछ नहीं

(ग) अन्तिमतम तीन वर्षों में से प्रत्येक के मध्य, कम्पनी द्वारा दी गई ब्याज के ब्यौरे निम्नांकित हैं :—

वर्ष समाप्ति के मध्य दिया गया	रुपये
31 मार्च, 1967	7 68,302
31 मार्च, 1968	13,57,241
31 मार्च, 1969	7,87,092
योग	29,12,635

(घ) कम्पनी के गत तीन वर्षों के कार्य संचालन के ब्यौरे निम्नलिखित हैं :—

('000 रु० में आंकड़े)

	31-3-67	31-3-68	31-3-69
बिक्री	4,72,64	3,26,15	3,82,00
करों से पहले लाभ	73,78	290	694
करों के पश्चात लाभ	33,28	(–) 2,10	3,94
लाभांश घोषित किए गए	20%	5%	5%

(ङ) 1967-68 में, कम्पनी द्वारा उठाई गई हानियों की बाबत, इसके निदेशकों द्वारा उस वर्ष की रिपोर्ट में, सरकारी क्षेत्रों से उपसंपदों को अत्यधिक कमी की क्रौतमाला, साधारण प्रतिसारी प्रवृत्ति, इसके उत्पादनों की बिक्री में ऊंचा कमीशन देना, तथा उत्पादन के मूल्यों में बढ़ोतरी, बतलाया गया था।

1969-70 के वर्ष के प्राक्कलन सरकार के पास उपलब्ध नहीं हैं।

बर्दवान (पूर्व रेलवे) में 9 अप दून एक्सप्रेस गाड़ी का लूटा जाना

1233. **श्री पी० विश्वम्भरन :** **श्री एस० एम० कृष्ण :**
श्री ए० श्रीधरन :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 18 अक्तूबर, 1969 को जब 9 अप दून एक्सप्रेस बर्दवान स्टेशन पर थी, तो गाड़ी के सभी यात्रियों का सामान लूट लिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो घटना का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिये क्या सुरक्षा उपाय किये गये हैं ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) दूसरे दर्जे में सफर करते हुए केवल 15 यात्रियों का, जिनमें अपने परिवार के साथ यात्रा करने वाला एक यात्री भी शामिल है, सामान लूटा गया था, न कि सभी यात्रियों का।

(ख) जब 9 अप दून एक्सप्रेस गाड़ी बडेल से छूटी तो दूसरे दर्जे में यात्रा करने वाले 18-20 नवयुवकों ने अचानक डिब्बों के दूसरे यात्रियों पर आक्रमण कर दिया और छूरे तथा रिवाल्वर दिखा कर 1586 रुपये नकद, 13 घड़ियां और सोने के आभूषण लूट लिये। खन्यान और पाण्डुया स्टेशनों के बीच खतरे की जंजीर खींच कर ये लोग भाग गये। बडेल की सरकारी रेलवे पुलिस ने इस सम्बन्ध में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 395/397 के अधीत 19-10-69 को मामला सं० 11 दर्ज कर लिया है और अभी तक 9 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

(ग) सामान्य सुरक्षा प्रबन्धों को मजबूत करने के अलावा, निम्नलिखित उपाय भी किये गये हैं :—

(i) इस प्रकार के अपराधों के लिये जिम्मेदार अपराधियों की धर पकड़ के लिये सादे पोशाक में जिला पुलिस, सरकारी रेलवे सुरक्षा दल के दस्ते भी गठित किये गये हैं।

(ii) राज्य पुलिस ने रात में चलने वाली सवारी गाड़ियों में पहले के प्रबन्धों को मजबूत कर दिया है।

पश्चिमी तट रेलवे

1234. **श्री पी० विश्वम्भन :** **श्री नाथ पाई :**
श्री ए० श्रीधरन : **श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी :**

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच हैं के महाराष्ट्र सरकार ने चौथी पंचवर्षीय योजना में पश्चिमी तट रेलवे बनाने की एक योजना प्रस्तुत की है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस योजना पर विचार किया है ; और

(ग) क्या सरकार का विचार इस रेलवे लाइन को चौथी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने का है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) से (ग). महाराष्ट्र सरकार ने कोंकण क्षेत्र से होकर आप्टा से गोवा तक एक तटीय रेलवे लाइन के निर्माण के लिए अभ्यावेदन किया है। धनाभाव के कारण फिलहाल ऐसे रेल सम्पर्क के निर्माण पर विचार करना संभव नहीं है ।

रेल डिब्बों की शयन तथा बैठने के स्थानों की क्षमता संबंधी सूचनाएं लगाना

1235. **श्री भगवान दास :**
श्री कं० हाल्दर :
श्री मोहम्मद इस्माइल :
श्री ज्योतिर्मय बसु :
श्री गणेश घोष :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेल डिब्बों की शयन तथा बैठने के स्थानों की क्षमता सम्बन्धी सूचना पहले डिब्बों के भीतर लगाई जाती थी ;

(ख) क्या इन सूचनाओं को अब मिटा दिया गया है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या इससे भारतीय रेलवे अधिनियम के उपबन्धों का उल्लंघन होता है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी हां।

(ख) जी नहीं।

(ग) और (घ). सवाल ही नहीं उठता ।

रेल के डिब्बों में पेय जल की व्यवस्था

1236. **श्री भगवान दास :**
श्री बदरुद्दुजा :
श्री कं० हाल्दर :
श्री बि० कु० मोडक :
श्री ज्योतिर्मय बसु :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेल के डिब्बों में की गई चिलमची जल की व्यवस्था का क्या उद्देश्य है ;

(ख) क्या यह जल पीने के योग्य होता है ;

(ग) पानी को आन्तरिक प्रयोग के लिए कितने कितने समय के पश्चात साफ तथा शुद्ध किया जाता है ; और

(घ) क्या रेल के डिब्बों में पीने तथा आन्तरिक प्रयोग के लिए साफ जल की व्यवस्था करने के लिए सरकार की कोई योजना है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) रेल के डिब्बों में चिलमची हाथ-मुंह धोने के लिए लगायी गयी है।

(ख) जी नहीं।

(ग) सवारी डिब्बों की टंकियों को महीने में एक बार खाली करके साफ किया जाता है। चिलमचियां हर फेरे के अन्त में साफ की जाती हैं।

(घ) जी हां। लम्बे सफर का कुछ चुनी हुई गाड़ियों में।

आटो इंजन साइकिल रिक्शा

1237. **श्रीमती इलापाल चौधरी** : क्या **औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मैसर्स हिन्द साइकिल्स लिमिटेड, बम्बई साइकिल रिक्शाओं को चलाने के लिए, जिनको पेशेवर रिक्शा चलाने वाले इस समय पैरों से चलाते हैं एक आटो इंजन तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या प्रगति हुई है ;

(ग) पूर्णतया आटो इंजन में चलाने वाली साइकिल रिक्शा पर अनुमानत: कितनी लागत आयेगी ; और

(घ) इस प्रकार की रिक्शा के बाजार में कब तक उपलब्ध होने की सम्भावना है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां।

(ख) फर्म इन इंजनों का संयोजन करने को तैयार है किन्तु उन्होंने उत्पादन प्रारम्भ नहीं किया है क्यों कि कुछ आयातित वस्तुएं जापानी सहयोग कर्ताओं से प्राप्त होती हैं।

(ग) इंजन युक्त रिक्शा की कीमत के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त नहीं है। भाड़ा सहित ऐसे इंजन की कीमत यदि जापान से आयात किया जाए तो लगभग 525 रुपये हैं।

(घ) फर्म को आयातित सामान मिल जाने पर इन्जनों का उत्पादन शीघ्र प्रारम्भ हो जाने की संभावना है। यह आशा की जाती है कि ऐसे स्थानों से युक्त साइकिल रिक्शा प्राप्ति के उपरान्त शीघ्र ही मिलने लगेंगे।

बोकारो इस्पात कारखाने में श्रमिक विवाद

1238. **श्रीमती इला पाल चौधरी** : क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान बोकारो इस्पात परियोजना के अधिकारियों द्वारा बोकारो इस्पात कामगर यूनीयन के साथ जो मान्यता प्राप्त नहीं है और जो भारतीय साम्यवादी दल (मार्क्सवादी) के तत्वावधान में लाई जाती है, छंटनी किये गये कुछ कर्मचारियों की बहाली के

बारे में बातचीत करने से इन्कार किये जाने के कारण बोकारो इस्पात कारखाने में उत्पन्न गड़बड़ी तथा उक्त यूनियन द्वारा 'इंटक' के तत्वावधान में चलाई जाने वाली यूनियन के कार्यालय पर आक्रमण किये जाने के समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस गड़बड़ी के पूरे तथ्य क्या हैं ;

(ग) क्या उक्त झगड़े के कारण इस कारखाने को पूरा करने के कार्य में बाधा पड़ रही है ;

(घ) यदि हां, तो इस गड़बड़ी को समाप्त करने तथा कारखाने को क्षतिग्रस्त होने से और वफादार कर्मचारियों को साम्यवादी दल (मार्क्सवादी) द्वारा चलाई जाने वाली यूनियन के सदस्यों के आक्रमण से बचाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ङ) इस कारखाने में तथा शहर में व्याप्त वर्तमान स्थिति क्या है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) से (ग) जानकारी प्राप्त की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी ।

गाड़ी में घोषणाएं अंग्रेजी और हिन्दी में की जाती हैं । किसी और क्षेत्रीय भाषा में घोषणाएं करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

रेलवे में कनिष्ठ प्रशासनिक तथा अन्त-प्रशासनिक पदों का दर्जा बढ़ाना

1282. **श्री ज० अहमद :** **श्री क० लक्कप्पा :**

श्री लखन लाल कपूर :

क्या **रेलवे** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे में हाल में बहुत से अधिकारियों के पदों का दर्जा बढ़ाकर उन्हें कनिष्ठ प्रशासनिक तथा अन्त-प्रशासनिक पदों में बदला गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण थे ;

(ग) क्या यह भी सच है कि एक ओर परिवहन, इंजीनियरिंग तथा मैकेनिकल विभागों और दूसरी ओर सिगनल इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, और स्टोर्स तथा एकाउन्ट्स के बीच कुछ वर्षों के बाद प्रशासनिक संवर्गों में पदोन्नति के अवसर के मामले में काफी विषमता है और पदों का दर्जा बढ़ाने के बाद यह विषमता और भी अधिक बढ़ गई है ।

(घ) यदि उपरोक्त भाग (ख) का उत्तर स्वीकरात्मक हो, तो संविधान के अनुच्छेद 16 के अनुसरण में इस विषमता को दूर न किये जाने तथा विभिन्न विभागों में पदोन्नति के समान अवसर प्रदान न करने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) क्या इस दर्जा-वृद्धि के कारण सम्बन्धित कर्मचारियों में असन्तोष व्याप्त है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) वरिष्ठ वेतन मान से कनिष्ठ प्रशासनिक पदक्रम में 148 पदों का और कनिष्ठ प्रशासनिक से मध्यवर्ती प्रशासनिक पद क्रम में 106 पदों का दर्जा बढ़ाया गया ।

(ख) कर्तव्य और जिम्मेदारियों के पुनर्मूल्यांकन से यह पाया गया कि इन पदों के कार्यभार को देखते हुए पदों को उच्चतर वेतन मान में रखना उचित है।

(ग) और (घ). विभिन्न सेवाओं में पदोन्नति की सरणियां एक जैसी नहीं हैं और उनमें कुछ असमानता है। विभिन्न सेवाओं में काम करने वाले अधिकारियों के कार्यभार और जिम्मेदारियों में, जिनके आधार पर पदों का दर्जा बढ़ाया जाता है, भारी अन्तर रहता है । इसलिये विभिन्न सेवाओं में पदोन्नति की सरणियों में कुछ अन्तर होना अपरिहार्य है ।

(ङ) कुछ अभ्यावेदन मिले थे ।

मध्य प्रदेश में सरकारी क्षेत्र के छोटे कारखानों का बन्द होना

1283. **श्री रा० की अमीन** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने अपने मंत्रीमंडल को इस के लिए राजी करवा लिया है कि सरकारी क्षेत्र के छोटे कारखाने बन्द कर दिये जायें ।

(ख) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने सरकारी क्षेत्र के कारखानों को चलाने की शिक्षा देने के लिए प्रख्यात व्यापारियों की सेवाएं मांगने का निश्चय किया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). सूचना इकट्ठी की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जायेगी ।

स्पन पाइप उद्योग में अधिक क्षमता

1284. **श्री रा० को० अमीन** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्पन-पाइप उद्योग में काफी अधिक्य क्षमता है ;

(ख) यदि हां, तो इस क्षमता का प्रयोग करने के लिये सरकार ने क्या प्रयत्न किये हैं ;

(ग) क्या इस उद्योग में निर्यात बढ़ाने के प्रयत्न किये गये थे ; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी, हां ।

(ख) चौथी योजना के प्रारूप में नेशनल वाटर सप्लाई तथा राज्य क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था की राशि तीसरी योजना में 106 करोड़ रु० से बढ़ाकर 336 करोड़ रु० और 1966-69 तक तीन वार्षिक योजनाओं में 100 करोड़ रु० कर दी गई है । इससे छोटे पाइपों की मांग में पर्याप्त वृद्धि होगी । इस उद्योग को पर्याप्त मात्रा में कच्चे लोहे की सप्लाई करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं । इन उपायों से ऐसी आशा है कि इस उद्योग में क्षमता का उपयोग करने से काफी सुधार होगा ।

(ग) और (घ). ढले हुए लोहे की मुड़ी हुई पाइपों का साधारण तौर पर पहले से ही निर्यात किया जा रहा है । निर्यात की सुविधाएं बढ़ाने के लिए इंजीनियरी निर्यात सम्बर्धन परिषद् तथा सरकार द्वारा अभी हाल ही में एक शिष्ट मंडल मध्य पूर्व में विशेष बाजारों का पता लगाने के लिए भेजा गया था ।

उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन को लघु उद्योगों के लिए आरक्षित करना

1285. **श्री जे० के० चौधरी** :
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री मुहम्मद शरीफ :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निकट भविष्य में उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन को लघु उद्योगों के लिए आरक्षित करने के बारे में कोई योजनाएं बनाई गई हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) तथा (ख). आर्थिक नीति को नया मोड़ देने के लिये सरकार जितना सम्भव हो

उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन के लघु उद्योगों के लिये आरक्षित रखने की सम्भाव्यता की जांच कर रही है। यह समझा जाता है कि इन उद्योगों को लघु उद्योग क्षेत्र के लिये आरक्षित करने से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। लघु उद्योगों की स्थापना के लिये स्थानीय प्रतिभा तथा नेतृत्व को प्रोत्साहन मिलेगा और उपभोक्ता वस्तुओं की क्षेत्रीय मांग को क्षेत्रीय आधार पर पूरा करने के लिये पर्याप्त सम्भरण सुनिश्चित किया जा सकेगा।

उद्योगों की उपर्युक्त क्षमता को उपभोग में लाना

1286. **श्री रामावतार शर्मा** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उद्योगों में अभी भी कुछ क्षमता अप्रयुक्त है ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन उद्योगों में क्षमता अप्रयुक्त है ; और

(ग) इस क्षमता के पूर्ण उपयोग करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) जी हां।

(ख) एक विवरण संलग्न है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये** संख्या एल० टी० 2094/69]

(ग) (1) उद्यमियों को अब तक आयात की जी रही वस्तुओं का उत्पादन करने तथा अपने उत्पादों के स्तर में विविधता लाने के लिये प्रोत्साहित करना।

(2) अनेक उद्योगों पर से लाइसेंस हटाना। तथा

(3) निर्यात बाजार का पता लगाना।

क्रयादेशों की कमी के कारण माल डिब्बा उद्योग में संकट

1287. **रामावतार शर्मा** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि क्रयादेशों की कमी के कारण देश में माल-डिब्बा उद्योग को संकट का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) क्या सरकार को पता है कि इस संकट का एक कारण रेलवे-द्वारा क्रयादेशों में कमी की जाना है ; और

(ग) यदि हां, तो इस उद्योग के समक्ष आये संकट को दूर करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) और (ख). माल-डिब्बा उद्योग को उसके हाल के वास्तविक उत्पादन के अनुरूप पर्याप्त आर्डर मिलते रहे हैं।

(ग) सवाल नहीं उठता।

सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड कार्यकरण परिणाम

1290. **श्री प्रेम चन्द वर्मा** : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड के 31 मार्च, 1969 को समाप्त होने वाले वर्ष के कार्यकरण के परिणाम देखे हैं और क्या कोई प्रगति अथवा ह्रास बताया गया है ;

(ख) क्या इस कम्पनी का कार्यकरण पिछले वर्षों की अपेक्षा अच्छा है। यदि हाँ, तो लाभ तथा हानि, उत्पादन, बिक्री, निर्माण तथा स्टाक सूची आदि के समम्बन्ध में तुलमात्मक आंकड़े क्या हैं ;

(ग) क्या गत तीन वर्षों में यह कम्पनी उन्हीं अधिकारियों द्वारा चलायी जा रही थी यदि हाँ, तो अध्यक्ष, प्रबन्ध-निदेशक, तथा सचिव के नाम क्या हैं और वे कितनी अवधि से इन पदों पर हैं और उनके वेतन, भत्ते आदि क्या हैं और वे किस संस्था से आये हैं ; और

(घ) पिछली त्रुटियों को दूर करने के लिए गत वर्ष क्या विशेष कार्यवाही की गई है क्या जनता में इस कम्पनी की कीर्ति बढ़ाने के लिए कुछ किया गया है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) कम्पनी के वार्षिक प्रतिवेदन (1968-69) के अनुसार मन्ढर (मध्य प्रदेश) तथा कुरकुनटा (मैसूर) के सीमेंट संयंत्रों की स्थापना हेतु निर्माण कार्य, परिशोधित कार्यक्रम के अनुसार, सन्तोषजनक रूप से प्रगति कर रहा है। क्योंकि कम्पनी ने अभी उत्पादन प्रारम्भ नहीं किया है अतः प्रगति अथवा ह्रास का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ख) मन्ढर (मध्य प्रदेश) में निर्माणाधीन संयंत्रों में इस वर्ष तक तथा कुरकुटा (मैसूर) में 1970 के अन्त तक कार्य प्रारम्भ होने वाला है। अतः लाभ, हानि उत्पादन, बिक्री आदि के बारे में आंकड़े देने का प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) अभी कम्पनी में कोई सचिव नहीं है। अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के बारे में ब्यौरा इस प्रकार है :—

नाम	पद	नियुक्ति की तिथि	वेतन-मान
1	2	3	4
सर्वश्री			
1. डा० वी० केस्कर	अध्यक्ष	24-3-65	आंशकालिक अवैतनिक पद पर। गैर सरकारी निदेशक के रूप में मंडल के निदेशकों। समितियों अथवा उप-समितियों की बैठकों में उपस्थित होने पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर पारिश्रमिक तथा भत्तों के हकदार हैं।

1	2	3	4
2. एच० डी० सिंह	प्रबन्धक निदेशक	25-1-66 से 25-1-69	रु० 2500-100-3000 उत्तर रेलवे से महाप्रबन्धक के रूप में सेवा मुक्त होने पर पुनः नियोजित किया गया।
3. के० एन० मिश्र	—वही—	25-1-69 से 16-10-72	रु० 2500-100-3000 उत्तर प्रदेश सरकार के सार्वजनिक कार्य विभाग से प्रतिनियुक्ति पर।

कम्पनी के पूर्ण कालिक अधिकारी गण केन्द्रीय सरकारी अधिकारियों के लिए निर्धारित दरों पर भत्ते प्राप्त करने के कार्यकारी हैं।

(घ) सरकार को कम्पनी की नई गलतियों के बारे में जानकारी नहीं है। एक बहु भ्रमण किये हुए तथा अनुभवी आदमी ने भी रगन सलाहकार के रूप में कारपोरेशन में नौकरी शुरू की है।

तुंगभद्रा स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड, मैसूर के कार्य संचालन के परिणाम

1291. **श्री प्रेम चन्द वर्मा** : क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने तुंगभद्रा स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड मैसूर के 31 मार्च, 1969 के समाप्त हुए वर्ष के कार्य संचालन के परिणाम देखे हैं और क्या इस काम में कोई प्रगति हुई है या गिरावट आई है ;

(ख) क्या इस कम्पनी का कार्य पिछले कई वर्षों की तुलना में अच्छा रहा है तथा लाभ और हानि उत्पादन, विक्रय निर्यात, तथा स्टाक सूची संबंधी तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं ;

(ग) क्या गत तीन वर्षों में इस वर्ष कम्पनी को वही अधिकारी चला रहे थे और उसके चेयरमैन, प्रबंधक तथा सचिव के नाम क्या हैं और वे इन पदों पर कब से काम कर रहे हैं और उनके वेतन तथा भत्ते आदि क्या हैं और वे किस सगठन या विभाग से इस कम्पनी में आए हैं ; और

(घ) पिछली अवधि की त्रुटियों को दूर करने के लिये गत वर्ष क्या विशेष उपाय किये गये हैं और क्या जनता में इस कम्पनी की ख्याति तथा साख बनाये रखने के लिये कुछ कार्यवाही की गई है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरी मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) जी हां। पिछले वर्ष के उत्पादन की तुलना में 1968-69 में उत्पादन कार्य में काफी प्रगति हुई है।

(ख) तुलनात्मक आंकड़े निम्नलिखित हैं :—

(लाख रुपये)

	1966-67	1967-68	1968-69	
(1) टैक्स लगाने से पूर्व लाभ	14.01	15.28	9.64	
(2) उत्पादन का मूल्य	67.50	65.13	72.53	(खरीदारों का
(3) अंतिम बिल	44.14	47.04	99.67	इस्पात छोड़कर)
सूची				
(4) जिन कारखानों में काम चल रहा है	101.17	119.26	92.12	
(5) कच्चा माल	10.1	21.98	25.07	
(6) गोदाम और फालतू पुर्जे	10.16	12.73	14.01	
आर्डर की स्थिति				
(7) प्राप्त आर्डर	57.00	42.00	243.00	

कम्पनी ने कोई निर्यात नहीं किया है ।

(ग) कम्पनी के अध्यक्ष (अंश-कालिक) और प्रबन्ध निदेशक की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं और सचिव की नियुक्ति कम्पनी करती है । अध्यक्ष अंश-कालिक है और कम्पनी की बैठकों में शामिल होने के लिये यात्रा भत्ता और बैठक फीस के अतिरिक्त कोई वेतन या भत्ता नहीं लेता ।

श्री आर० वी० रमण जो भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर हैं और जो इण्डियन इन्वेस्टमेंट सेन्टर के कार्यकारी निदेशक थे और अब योजना आयोग के सलाहकार हैं, अप्रैल 1967 से इस कम्पनी के अध्यक्ष हैं । अक्तूबर, 1962 से मई 1968 तक श्री आई० पी० मल्लप्पा, जो मैसूर राज्य से भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवसर हैं, इसके प्रबन्ध निदेशक थे । उनका मासिक वेतन 1360 रु० था । 1 जून 1969 से श्री ए० आर० रवि वर्मा, जो औद्योगिक प्रबंधक पूल के अफसर है, इस कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक है । उनका वर्तमान वेतन 2000-100-2500 के वेतन क्रम से 2100 रुपये हैं । इस समय एक सचिव और कर्मचारी अधिकारी श्री बी० रुद्रप्पा है जो सचिवालय कार्य, कर्मचारी प्रबन्ध और प्रशासन के कार्य के लिए उत्तरदायी हैं । उन्हें 26 सितम्बर 1969 को इस पद पर नियुक्त किया गया और उनका वर्तमान वेतन 600-40-1000 के वेतन क्रम में 600 रुपये मासिक है । अप्रेल 1967 से सितम्बर 1969 तक सचिव का पद खाली था ।

(घ) कम्पनी लाभ कमा रही है । परिचालन में सुधार के लिए निम्नलिखित कदम उठाये जा रहे हैं—(1) आदेश प्राप्ति की स्थिति सशक्त करना (2) उत्पादन की मात्रा में वृद्धि और (3) उत्पादन में विविधता लाना ।

मैसर्स एशियन केबल्स द्वारा पोलीथीन की चोर बाजारी

1292. **श्री कंवरलाल गुप्त :** क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष में मैसर्स के एशियन केबल्स की पोलीथीन की वास्तविक खपत कितनी थी ;

(ख) मैसर्स एशियन केबल्स ने इस वर्ष कितनी पोलीथीन का आयात किया ;

(ग) क्या यह सच है कि भारी विद्युत उपकरण उद्योग-विकास परिषद् के अध्यक्ष श्री डी० डी० देसाई ने सरकार को मैसर्स एशिएन केबल्स द्वारा की गई आयातित् पोलीथीन की कथित चोर बाजारी के बारे में सूचित किया था ;

(घ) यदि हां, तो मैसर्स एशिएन केबल्स के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है और इस फर्म को अब तक काली सूची में शामिल न किये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) इस फर्म के विरुद्ध केन्द्रीय जाँच ब्यौरों की जांच का क्या परिणाम निकला है और इस जांच के क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली-अहमद) : (क) से (ङ) मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। चूंकि जांच कुछ अन्य फर्मों के विषय में की जा रही है। जांच पूरा करने में कुछ समय लगेगा।

Royalty on Official Records of Jawaharlal Nehru

1293. **Shri Kanwar Lal Gupta :** **Shri Ram Swarup Vidyarthi :**
Shri Bansh Narain Singh :

Will the Minister of **Law and Social Welfare** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government had received a reference to the effect that the royalty on the official records of the late Shri Jawahar Lal Nehru should be given either to Smt. Indira Gandhi or to the Government ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) the opinion given by his Ministry in this regard ?

The Deputy Minister in the Ministry of Law and in the Department of Social-Welfare (Shri Mohd. Yunus Saleem) : (a) to (c). Presumably, in using the expression "official records" the Hon'ble Member has in mind governmental records in the form of minutes, notes, official communications etc. meant for official use. Government had no occasion to go into the question of royalty payable on their account. However, the right of royalty in respect of them would obviously vest in Government.

डाक व तार विभाग के एक अधिकारी द्वारा रेलवे पास का दुरुपयोग

1294. **श्री कंवर लाल गुप्त :**
श्री वंश नारायण सिंह :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि फरवरी, 1969 में रेलवे पुलिस ने डाक व तार विभाग जबलपुर के कार्यालय अधीक्षक श्री मलिक को रेलवे पास का प्रयोग करने तथा गलत नाम देने और अपने को रेलवे का एक वरिष्ठ अधिकारी बताने पर रंगे हाथों पकड़ा गया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उन्हें 378 रुपये जुर्माना किया गया था लेकिन जुर्माने की यह राशि सरकारी खाते में चढ़ायी गई थी ;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस राशि का भुगतान क्यों किया गया और यह भुगतान किसके आदेश से किया गया ;

(घ) क्या सरकार ने कोई जांच की है कि यह रेलवे पास श्री मलिक के हाथों में कैसे चला गया ; और

(ङ) यदि हां, तो जांच परिणाम क्या निकला ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मन्त्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) से (ङ). एक विवरण सभा-पटल पर रखा जाता है ।

विवरण

श्री आर० एल० मल्लिक, कार्यालय अधीक्षक, अतिरिक्त मुख्य इन्जीनियर का कार्यालय डाक और तार, तकनीकी एवं विकास सर्किल, जबलपुर, रेलवे कार्ड पास नं० 192 पर सरकारी काम से हैदराबाद गये थे । पास पर "अतिरिक्त मुख्य इंजीनियर तकनीकी और विकास सर्किल जबलपुर. "के स्टेशनों', पदनाम लिखा था और वह उनके उच्च अधिकारी द्वारा उनको जारी किया गया था । उनकी वापसी यात्रा में 26-2-1969 को जबलपुर स्टेशन पर रेलवे के टिकट जांच करने वाले कर्मचारी द्वारा उन्हें चेक किया गया । कर्मचारी ने बताया कि वह कार्यालय अधीक्षक हैं। चूंकि उनका पदनाम रेलवे कार्ड पास में उल्लिखित पदनाम से नहीं मिलता था, इसलिए रेलवे ने उनसे रेल किराये और सामान्य जुर्माने के रूप में 378 रु० वसूल कर लिये ।

डाक और तार बोर्ड ने रेल मंत्रालय को सूचित किया है कि 378 रु० की रकम अतिरिक्त मुख्य इन्जीनियर, डाक और तार, तकनीकी एवं विकास सर्किल, जबलपुर के कार्यालय द्वारा, उस कार्यालय के प्रशासन के इन्चार्ज, एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुमोदन से दी गई थी क्योंकि श्री मल्लिक सरकारी दौरे पर गये थे और उन्हें स्टेनोग्रा र का रेलवे कार्ड पास कार्यालय द्वारा जारी किया गया था । ऐसी स्थिति में, इस मामले में आगे जांच करने की कोई आवश्यकता नहीं है ।

बिड़ला उद्योग समूह, अन्य उद्योग समूहों तथा औद्योगिक विकास, आंतरिक, व्यापार और समवाय कार्य मन्त्रालय के अधिकारियों के विरुद्ध जांच

1295. **श्री कंवर लाल गुप्त** :
श्री वंश नारायण सिंह :
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिड़ला उद्योग समूह के विरुद्ध आरोपों की जांच करने के लिए नियुक्त समिति के विचारार्थ विषयों के बारे में कोई निर्णय कर लिया है ;

(ख) क्या सरकार का विचार इस जांच के द्वारा यह पता लगाने का है कि इस उद्योग को लाइसेंस देने में उच्च अधिकारियों तथा मंत्रियों का कहां तक हाथ है ;

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) अन्य समूहों के किन उद्योगों के विरुद्ध जांच करने का सरकार का विचार है और उनमें से प्रत्येक के विरुद्ध क्या विशिष्ट शिकायतें हैं ; और

(ङ) इन मंत्रियों और उच्च अधिकारियों के नाम क्या हैं जिनके विरुद्ध शिकायतें मिली हैं और उनकी बिड़ला के उपक्रमों के साथ साँठगांठ है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली-अहमद) : (क) से (ङ) प्रस्तावित जाँच आयोग जो औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति की दोनों रिपोर्टों में उल्लिखित अनियमितताओं, कमियों तथा औचित्यों के मामलों तथा बिड़ला ग्रुप के उद्योगों के खिलाफ लगाये गये विशिष्ट आरोपों पर विचार करेगा। उसके विचारार्थ विषय तथा उसके गठन के बारे में शीघ्र ही घोषणा कर दिए जाने की आशा है। बिड़ला ग्रुप के खिलाफ लगाये गये आरोपों में एक शिकायत यह भी की गई है कि इस ग्रुप के साथ सरकारी प्राधिकारियों ने अत्यधिक पक्षपात किया है। औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति के प्रतिवेदन जिसे संसद-सदस्यों में परिचारित किया गया है उसकी कुछ त्रुटियों और कृतियों सम्बन्धी संदर्भ भी उसमें निहित हैं।

Donation to Congress Party by Modi Group of Concerns

1296. **Shri Kanwar Lal Gupta :** **Shri Ram Swarup Vidyarthi :**
Shri Bansh Narain Singh :

Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 219 on the 22nd July, 1969 and state :

(a) whether it is a fact that the Modi Group of concerns have donated Rs. 12,9,750 to the Congress Party during 1966-67 and 1967-68 ;

(b) if so, the amount donated by this group to the Congress Party during 1969 ;

(c) the value of licences granted to this Group during the last three years and the commodities for which these licences were granted ; and

(d) the action taken by Government on the complaints received against this Group ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) Yes, Sir.

(b) The following companies belonging to the Modi Group according to its composition as shown in the Industrial Policy Licensing Inquiry Committee Report, appear to have made donations to the Congress Party during 1968-69.

Name of the Company	Amount of donation to the Congress Party (1968-69)
(1) Modi Industries Ltd.	Rs. 54,000*
(2) Modipon Ltd.	Rs. 25,000**

*During the accounting year of the company ending on 31st October, 1968.
**During the accounting year of the company ending on 28th February, 1969.

Information in respect of Modi Spinning and Weaving Mills Co. Ltd. is not available as the company has not yet filed the balance sheet for the year ended 30.4.1969 with the Registrar of Companies.

(c) Only one industrial licence was issued on 4-3-1968 to M/s Modi Gas and Chemicals, Modinagar, set up by Modi Industries Ltd. for the manufacture of 3,40,000 Cubic Meters of Nitrogen Gas per annum.

(d) Some complaints under the Companies Act have been received against Modi Spinning and Weaving Mills Co. Ltd., An inspection under section 209(4) of the Companies Act has been ordered in respect of this company.

Licences to Companies

1297. **Shri Deven Sen :** Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) the dates on which licences were given to the following Companies :

(i) M/s. Kila Chand Dev Chand and Co., Bombay and other Companies associated with this Company ;

(ii) M/s. Synthetic and Chemical Pvt. Ltd., Bombay ;

(iii) M/s. Polychem and Co., Bombay ; and

(iv) M/s. Kesar Sugar Works Pvt. Ltd., Bombay ;

(b) whether the period of licences of any of these companies was extended again and, if so, the details thereof ; and

(c) the yeer-wise production capacity of each of the above companies ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) The dates on which licences were issued to the Companies are indicated below :—

	Date of issue of licence
(i) M/s. Kila Chand Dev Chand & Co. Bombay and other Companies associated with this Company	1. 29.4.1961 2. 1.6.1963 3. 17.4.1964 4. 3.12.1959 5. 6.1.1960
(ii) M/s. Synthetic and Chemical Ltd. Bombay (The licence was originally issued in the name of M/s. Kila Chand Dev Chand)	20.10.1959
(iii) M/s. Polychem and Company Ltd., Bombay.	1. 29.9.1958 2. 24.2.1960 3. 2.8.1960 4. 13.10.1966
(iv) M/s. Kesar Sugar Works (P) Ltd., Bombay.	1. 22.3.1958 2. 20.9.1961 3. 20.1.1962 4. 30.9.1963 5. 18.4.1964

(b) and (c). The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

रेलवे के लिये कंकरीट के स्लीपरों का निर्माण करने हेतु कारखाना

1299. **श्री स० मो० बनर्जी** : क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न रेलगाड़ियों की गति को तेज करने के लिए कंकरीट के स्लीपरों का निर्माण करने की वस्तुतः बड़ी आवश्यकता है तथा क्या ऐसे स्लीपरों के निर्माण के लिये कोई कारखाना स्थापित किया गया है, अथवा स्थापित किये जाने की सम्भावना है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) और (ख) रेलें कांक्रीट् के स्लीपर खरीद रही हैं जो कि तेज रफ्तार वाले मार्गों के लिए उपयुक्त होंगे । ये स्लीपर खुले टेंडरों के आधार पर खरीदे जा रहे हैं और रेल प्रशासन कांक्रीट के स्लीपर बनाने के लिए कोई संयंत्र नहीं लगा रहे हैं ।

मैसर्स हिन्दी गल्वेनाईजिंग एण्ड इंजीनियरिंग कंपनी (पी०) लिमिटेड द्वारा नई क्षमता स्थापित की जाना

1300. **श्री स० मो० बनर्जी** : क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री 5 अगस्त, 1969 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2293 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 13 जनवरी, 1964 की अधिसूचना के अंतर्गत, जहां दुर्लभ कच्चे माल के प्रयोग का प्रश्न है, उत्पादन आरम्भ करने से पहले पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र देने होते है ;

(ख) यदि हां, तो क्या मैसर्स हिन्दी गेल्वेनाईजिंग एण्ड इन्जीनियरिंग कम्पनी (पी) लिमिटेड ने 40/45 गैलन तल के ढोल बनाने के लिए जिनमें दुलर्भ कच्चे माल का प्रयोग होता है, उत्पादन आरम्भ करने से पहले अपने नाम के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र नहीं दिया था ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार उनके द्वारा नई क्षमता स्थापित की जाने की कारण जिस की स्वीकृति सरकार ने तब दी थी जब यह उद्योग वर्जित सूची में था उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही करने का है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली-अहमद) : (क) से (घ). जिन परिस्थितियों में तेल ड्रम उत्पादन की क्षमता मेसर्स हिन्द गैलवे-नाईजिंग तथा इंजीनियरिंग कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड को स्वीकृत की गई थी लोक सभा के तारांकित प्रश्न प्रं० 250 दिनांक 24 नवम्बर, 1967 में स्पष्ट कर दिये गये हैं । इनको दृष्टि में रखते हुए आवेदन पत्र देने का प्रश्न ही नहीं उठता है क्यों कि फर्म पहले से ही सरकार से तेल ड्रामों के उत्पादन की अनुमति प्रदान करने के लिए कह रही थी जिसके लिए कि वे पूर्णरूपेण साधन सम्पन्न थे ।

प्राक्कलन समिति ने 85 वे प्रतिवेदन में जो लोक सभा में 30 अप्रैल, 1969 को प्रस्तुत

किया गया था कुछ सिफारिशें की हैं उन पर अंतिम निर्णय समिति की अग्रेतर सिफारिशें सरकार को ज्ञात हो जाने पर लिया जायेगा ।

हैवी इलैक्ट्रीकल्स इंडिया लिमिटेड, भोपाल में श्रमिक अशांति

1201. **श्री स० मो० बनर्जी :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हैवी इलैक्ट्रीकल्स लिमिटेड, भोपाल में श्रमिक अशांति के कारणों को इस बीच दूर कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या-महाप्रबन्धक तथा विभिन्न श्रमिक संघों के बीच सीधी बातचीत प्रारम्भ हो गई है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मन्त्री (श्री फखरुद्दीन अली-अहमद) : (क) से (ग). जुलाई से सितम्बर, 1969 की अवधि में हैवी इलैक्ट्रिकल्स (इंडिया) लि० भोपाल के कुछ कर्मचारियों द्वारा विभिन्न तरीकों से श्रमिक आन्दोलन चलाया गया । इन कर्मचारियों ने बहुत सी कठिनाइयाँ पेश की थीं । प्रबन्धक समिति और यूनियन के प्रतिनिधि के साथ हुए विचार विमर्श में बहुत से मामलों पर समझौता हो गया है ।

कार्मिक संघों को मान्यता

1302. **श्री हेग बरुआ** : क्या **रेलवे मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने रेलवे के कुछ कार्मिक संघों को मान्यता देने के बारे में निर्णय लिया है, जिनकी मान्यता 19 सितम्बर, 1969 की सांकेतिक हड़ताल के समय वापिस ले ली गई थी ;

(ख) यदि हां, तो इस नीति को किस सीमा तक क्रियान्वित किया गया है ; और

(ग) उन कार्मिक संघों के नाम क्या हैं जिनको मान्यता प्रदान कर दी गई है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग). 19 सितम्बर, 1969 को सांकेतिक हड़ताल के बाद से आल इंडिया रेलवेमेन्स फेडरेशन को दी गई मान्यता की सुविधाएं तथा निम्नलिखित यूनियनों की मान्यता समाप्त कर दी गयी थी :-

(क) इस्टर्न रेलवेमेन्स यूनियन;

(ख) नार्दन रेलवेमेन्स यूनियन;

(ग) एन० ई० रेलवे मजदूर यूनियन;

(घ) एन० एफ० रेलवे मजदूर यूनियन;

(ङ) सदर्न रेलवे मजदूर यूनियन;

(च) एस० ई० रेलवेमेन्स यूनियन;

हाल में आल इंडिया रेलवेमेन्स यूनियन फेडरेशन को वार्ता की सुविधाएं और उपर्युक्त सभी यूनियनों को मान्यता फिर से प्रदान कर दी गयी है।

Residential Quarters for Muslim Employees of Heavy Engineering Corporation, Ranchi

1 03. **Shri Ramavatar Shastri** : Will the Minister of Steel and Heavy Engineering be pleased to state :

(a) whether it is a fact that in the meeting of the Consultative Committee of his Ministry held in the last week of September, a decision had been taken with regard to the provision of residential quarters to the riot-affected Muslum employees working in the Heavy Engineering Corporation, Ranchi ;

(b) if so, the details thereof and the time by which it is likely to be implemented ;

(c) whether it is also a fact that the said decision has not come into force so far ;

(d) if so, the reasons therefor ;

(e) whether it is also a fact that the Deputy Chairman of the said Corporation and the Deputy Commissioner of Ranchi are the major obstructions in the implementation of the aforeasid decision ;

(f) if so, the action Government propose to take against them ; and

(g) the time by which the arrangement for the rehabilitation of the Muslim employees of the Heavy Engineering Corporation would be made ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant) : (a) to (d). The question of rehabilitation in regular quarters in the township of the muslim employees of Heavy Engineering Corporation, who are residing in a postel at present, was discussed at the meeting of the Consultative Committee held at Ranchi on the 26th September, 1969. It was recognised that the issue was a delicate one and required careful handling. It was agreed that the matter should be examined in consultation with all concerned and a solution acceptable to all, expedited. No particular decision was taken.

(e) No, Sir.

(f) Does not arise.

(g) While every effort is being made to expedite a solution, it is not possible to indicate any precise time schedule in view of the nature of the issues involved.

Workers and Officers in Heavy Engineering Corporation, Ranchi

1304. **Shri Ramavatar Shastri** : Will the Minister of Steel and Heavy Engineering be pleased to state :

(a) the number of the employees, labourers and the officers separately working in Heavy Engineering Corporation, Ranchi ;

(b) the details of the amount paid as salary to the employees and the officers per month separately ;

(c) the average monthly salary of an officer and an employee and the minimum amount of pay of each of them ;

(d) whether some other facilities are also available to the officers and the employees ;

(e) if so, the details thereof separately ; and

(f) the number of quarters constructed for the officers and the labourers separately ?

The Minister of State in the Ministry of Steel and Heavy Engineering (Shri K. C. Pant) : (a) to (f). The information is being collected and will be laid on the Table of the House ?

Applications for Scooter Factory in Private Sector

1305. **Shri Ramavatar Shastri :**
Shri P. C. Adichan :

Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have invited application from the industrialists to establish a scooter factory in the private sector ;

(b) if so, the number of applications received and the names of applicants ;

(c) whether Government have adopted any policy in this connection ; and

(d) if so, the details thereof ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) Yes Sir.

(b) In response to the public notice issued in October, 1969, only one applications has so far been received from M/s. Kirloskar Oil Engines Ltd., Poona.

(c) and (c). After careful consideration of all aspects of the question of licensing additional capacity for the manufacture of scooters in the country, Government have come to the conclusion that it will be preferable to have a project in the public sector for the manufacture of scooters with an indigenous design. Accordingly, Government have appointed a committee of Technical Experts to work out and advise them on a suitable indigenous design and programme of production of scooters in the public sector.

Government have also decided that, if any private sector party is prepared immediately to take up the production of scooters completely with indigenous know-how and materials, he should be allowed to do so. The Government have accordingly issued a public notice inviting application by 31.1.1970 from interested entrepreneurs who are prepared to take up the production of scooters with completely indigenous know-how and materials and without any foreign collaboration.

डिवीजनल सुपरिन्टेंडेन्ट के कार्यालय के सामने पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर सभा द्वारा प्रदर्शन

1306. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 11 जून, 1969 को पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर सभा के नेतृत्व में समस्तीपुर, पूर्वोत्तर रेलवे में रेलवे कर्मचारियों ने डिवीजनल सुपरिन्टेन्डेन्ट के कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि डिवीजनल सुपरिन्टेन्डेन्ट को इस सभा की ओर से एक ज्ञापन भी प्रस्तुत किया गया था ;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) और (ख). मालूम हुआ है कि 11-6-1969 को कुछ रेल कर्मचारियों ने समस्तीपुर के मण्डल अधीक्षक के सामने प्रदर्शन किया और उन्हें एक ज्ञापन दिया।

(ग) और (घ). ब्यौरा मालूम किया जा रहा है और सभा पटल पर रख दिया जायेगा।

पटना में रेल तथा सड़क पुल

1307. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे बोर्ड ने पटना में एक रेल तथा सड़क पुल का निर्माण करने के लिए एक परियोजना तैयार की थी ;

(ख) यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस पुल के निर्माण पर होने वाला समस्त खर्च केन्द्र सरकार को वहन करना था ; और

(घ) यदि हां, तो ऐसी परियोजना को छोड़ देने के क्या कारण हैं ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) से (घ). पहले जो जांच-पड़ताल की गई थी उससे मालूम हुआ था कि पटना के निकट गंगा नदी पर रेल पुल बनाने के प्रस्ताव का वित्तीय औचित्य न होगा। इसलिए अलाभप्रद होने के कारण इस प्रस्ताव को छोड़ दिया गया था और अब इस सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

कम्पनियों का बन्द होना

1308. **श्री वि० नरसिम्हा राव :**
श्री नरेन्द्र सिंह महीडा :

क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल के कुछ महीनों में कम्पनियों के समापन और बन्द होने की संख्या में वृद्धि हुई हैं ;

(ख) यदि हां, तो चालू वर्ष से अब तक कुल कितनी कम्पनियों का समापन हुआ है और कितनी बन्द हुई हैं ;

(ग) क्या इसके कारणों का पता लगाने के लिए कोई जांच की गई है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या परिणाम निकले हैं ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) नहीं श्रीमान्। परिसमापन में गई हुई तथा निष्क्रिय कम्पनी के रूप में हटाई गई कम्पनियों की संख्या में इसके प्रतिकूल कमी हुई है।

(ख) वर्तमान वर्ष में अप्रैल से अगस्त, 1969 तक, परिसमापित एवं हटाई गई कम्पनियों की संख्या 222 है ।

(ग) तथा (घ). प्रश्न उत्पन्न नहीं होता ।

वैगनों की अप्रयुक्त क्षमता

1309. **श्री वि० नरसिम्हा राव :**
श्री रा० कृ० बिड़ला :
श्री हिम्मत सिंहका :
श्री म० सुदर्शनम :
श्री हरदयाल देवगुण :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ महीनों में रेलवे वैगनों की मांग में बहुत कमी हुई है ;

(ख) यदि हां, तो प्रतिदिन कुल कितने वैगन बेकार रहते हैं ;

(ग) इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) मांग में हुई कमी को दूर करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है या किये जाने का विचार है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी हां । जुलाई 1969 से माल डिब्बों की बकाया मांगों में कमी हुई है ।

(ख) और (ग). अगस्त और सितम्बर, 1969 में मीटर लाइन के लगभग 7,500 माल डिब्बों (चौपहिये) और बड़ी लाइन के 1,500 माल डिब्बों (चौपहिये) का इस्तेमाल नहीं किया जा सका क्योंकि मन्दी के मौसम के कारण उनकी मांग कम थी। मीटर लाइन के 7,500 डिब्बों में से लगभग 2,000 बोगी रेल ट्रक थे और बड़ी लाइन के 1,500 डिब्बों में से लगभग 1,500 बोगी रेल ट्रक और इस्पात कारखानों से तक यातायात के परिवहन के लिए, विशेष किस्म के हापर माल डिब्बे थे, जिनका मांग कम होने के कारण, इस्तेमाल नहीं किया जा सका । अक्तूबर से यातायात बढ़ने पर फालतू माल डिब्बों को भी उत्तरोत्तर काम में लगा दिया गया और इस समय मीटर लाइन के केवल लगभग 1600 डिब्बे (अधिकतर बोगी रेल ट्रक) और बड़ी लाइन के लगभग 800 माल डिब्बे (अधिकतर बोगी रेल ट्रक) फालतू हैं ।

(घ) रेलों की और अधिक यातायात आकृष्ट करने के लिए, प्रत्येक रेलवे पर विपणन और विक्रय संगठन स्थापित किये गये हैं ताकि व्यापारियों से निकट सम्पर्क रखा जा सके और रेलों के लिये अधिकतम यातायात प्राप्त करने के लिये उपयुक्त उपाय किये जा सकें । रेलों पर सेवा के स्तर में सुधार करने के लिए, घर से घर तक माल पहुँचाने की सेवा, कर्टेनर सेवा, महत्वपूर्ण स्थानों के बीच तेज सुपर एक्सप्रेस माल गाड़ी सेवा और शीघ्र परिवहन सेवा शुरू की गई है । समाचार पत्रों के माध्यम से माल डिब्बों की सहज उपलब्धता पर भी व्यापारी जनता का ध्यान दिलाया गया है ।

देश में स्टेनलेस स्टील का निर्माण

1310. **श्री से० ब० पाटिल :**

श्री रामचरण :

क्या इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्टेनलेस स्टील की भारी तथा बढ़ती कमी को देखते हुए, उनके मन्त्रालय का विचार एक भारतीय धातु वैज्ञानिक द्वारा स्टेनलेस स्टील का देश में निर्माण करने के लिये निकाले गये नये तरीकों का व्यापारिक रूप से लाभ उठाने के लिये कुछ कायवाही करने का है ; और

(ख) क्या इस विधि को भारतीय पेटेन्ट स्पेसिफिकेशन संख्या 91020 के अन्तर्गत पेटेन्ट कर दिया गया है और क्या विदेशों में इस पर काफी रुचि ली गई है ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) संभवत: प्रश्न का संकेत उस पेटेन्ट की ओर है जिसे सेवा निवृत्त डा० डी० आर० मल्होत्रा ने एल्यूमिनियम-मैंगनीज मिश्रित इस्पात के उत्पादन की प्रक्रिया के संबंध में प्राप्त किया है और जिसके बारे में दावा है कि उसमें बेदाग इस्पात के स्तर की संरक्षणरोधक शक्ति होगी । वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय धातुकार्मिक प्रयोगशाला इस अनुसंधान के गुणावगुण के निर्धारण में सहायता करके प्रसन्न ही होगी । यदि उस वस्तु को और उसमें संबंधित आँकड़ों को प्रयोगशाला को उपलब्ध किया जायेगा ।

(ख) जी, हां । सरकार को कोई सूचना नहीं मिली है कि विदेशों में इस प्रक्रिया के संबंध में कितनी दिलचस्पी है ।

नई दिल्ली में सफदरजंग हवाई अड्डे के रेलवे क्रासिंग पर ऊपिर पुल का निर्माण

1311. **श्री तुलसीदास जाधव :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली में सफदरजंग हवाई अड्डे के रेलवे क्रासिंग पर एक ऊपरी पुल के निर्माण के लिए एक प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन था ;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सम्भवत: कब तक अन्तिम निर्णय ले लिया जायेगा तथा यह परियोजना कब आरम्भ कर दी जायेगी ;

(ग) यह लेविल-क्रासिंग एक दिन (24 घंटे) में कुल कितनी बार बंद होता है तथा प्रत्येक बार कितनी अवधि के लिये बन्द होता है ; और

(घ) यदि उपरोक्त (क) भाग का उत्तर नकारात्मक है तो उसके क्या कारण हैं जबकि इस रेलवे क्रासिंग के बन्द होने तथा इस प्रकार यातायात के रुक जाने से जनता का बहुत समय नष्ट होता है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) जी हाँ ।

(ख) नई दिल्ली नगरपालिका को भेजी गई योजना और अनुमान के सम्बन्ध में उनकी मंजूरी मिलने के बाद हो यह योजना कार्यान्वित की जायेगी ।

(ग) 24 घंटे की अवधि में समपार फाटक 20 बार बन्द किया जाता है और हर बार फाटक 5 से 10 मिनट तक बन्द रहता है।

(घ) सवाल नहीं उठता।

नई रेल गाड़ियां चलाना

1312. **श्री तुलसीदास जाधव** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कुछ लाइनों पर कुछ नई रेलगाड़ियों को चलाने का निर्णय किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में ब्यौरा क्या है तथा इस प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित कर दिये जाने की सम्भावना है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) और (ख). 1-4-1970 से लागू की जाने वाली अगली समय सारणी में अतिरिक्त गाड़ियां चलाने से संबंधित कुछ प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है, लेकिन प्रस्तावों का ब्यौरा अभी तैयार नहीं किया गया है।

मैसर्स स्टेण्डर्ड ड्रम्ज एण्ड बैरल मैनुफैक्चरिंग कम्पनी द्वारा बैरल बनाने के कारखाने को सेवरी से ट्राम्बे ले जाना

1313. **श्री जार्ज फरनेन्डीज** : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री 22 जुलाई, 1959 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1272 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैसर्स स्टैण्डर्ड ड्रम्ज एण्ड बैरल मेन्युफैक्चरिंग कम्पनी ने ट्राम्बे में बिटुमन ड्रम बनाने के लिए मैसर्स स्टैन्डर्ड वैक्यूम आयल सिफाइनरी कम्पनी के साथ थोक करार कब किया था तथा वे अपने बैरल संयंत्र को सेवरी से ट्राम्बे क्या ले गये थे जब कि बिटुमैन ड्रम बनाने के लिए उनके पास एक फालतू संयंत्र था ;

(ख) क्या इससे यह ज्ञात होता है कि उनके पास बिटुमैन ड्रम बनाने के लिए कोई फालतू संयंत्र नहीं था परन्तु इसके लिए वे अपने बैरल संयंत्र को चालू हालत में सेवरी से ट्राम्बे ले गये थे ;

(ग) क्या सरकार ने इस बीच इस संबंध में पत्र व्यवहार के सम्बन्ध में सही तथ्यों का पता लगाया है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बधी ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) और (ख) : मैसर्ज स्टैंडर्ड ड्रम एण्ड बैरल मैन्यूफैक्चरिंग कम्पनी ने 21 अगस्त, 1958 को पर्याप्त विस्तार करने के साथ साथ अपने संयुक्त शिवड़ी से बदल कर ट्राम्बे ले जाने के लिए एक आवेदन-पत्र दिया था। स्थान परिवर्तन करने के बारे में पार्टी को 31-10-1958 को सूचना

भेज दी गई थी। बाद को ड्रम के पीपे बनाने के लिए पर्याप्त विस्तार करने हेतु 20-7-1959 को औद्योगिक लाइसेंस की अनुमति भी दे दी गई थी। उन्होंने अपने तेल के पीपे बनाने वाले संयंत्र को जुलाई, 1959 में शिवड़ी से हटाकर ट्राम्बे में कर दिया किन्तु उन्होंने अतिरिक्त मशीन खरीद कर ट्राम्बे में ड्रामों के पीपे/तेल के टीपे, तथा डामर के पीपे ट्राम्बे में जुलाई, 1959 से बनने लगे थे।

(ग) और (घ) जी, नहीं। पूरी जानकारी शीघ्र ही मिल जाने की आशा है।

मेसर्स हिन्द गैल्वानाइजिंग एण्ड इंजीनियरिंग कम्पनी (प्राइवेट) लिमिटेड को इस्पात के चादरों की सप्लाई

1314. **श्री जार्ज फरनेन्डीज :** क्या **औद्योगिक विकास आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य** मंत्री मेसर्स हिन्द गैल्वानाइजिंग एण्ड इंजीनियरिंग कम्पनी प्राइवेट लिमिटेड के इस्पात के चादरों के सप्लाई के बारे में 5 अगस्त, 1969 को तारांकित प्रश्न संख्या 354 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उपर्युक्त प्रश्न के भाग (क) से (ङ) तक के अन्तर्गत अपेक्षित सूचना इस बीच एकत्र कर ली गई है ;

(ख) यदि हाँ, तो उसका ब्योरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसमें कितना समय लगने की संभावना है ?

औद्योगिक विकास आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग) आवश्यक जानकारी अभी तैयार नहीं है क्योंकि फर्म से मांगा गया विवरण प्रतिक्षित है। फर्म को आवश्यक सूचना/प्रलेख अविलम्ब भेजने को कहा गया है।

विकासशील देशों में रेल परियोजनाओं की स्थापना में भारत की सहायता शर्तें

1315. **डा० प० मण्डल :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विकासशील देशों की समस्याओं को हल करने के लिये कोई हल निकाले जाने की संभावना है ताकि वे "टर्न की" आधार पर रेल-परियोजनाएं स्थापित करने में भारत की सहायता का लाभ उठा सकें जिसके अन्तर्गत उन्हें सलाहकार सेवाएं तथा पदों पर नियुक्ति के हेतु प्रशिक्षित अधिकारियों की सेवाएं उपलब्ध की जायेंगी और रेलवे अधिकारियों को भारत में प्रशिक्षण दिया जायेगा ; और

(ख) यदि हां, तो विकासशील देशों में उपरोक्त दिशा में भारत के प्रस्ताव का कहां तक उपयोग हुआ है और इस सम्बन्ध में क्या कार्यक्रम है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री पी० गोविन्द मेनन) : (क) और (ख). रेलों ने विकासशील राष्ट्रों को रेल परियोजनाओं में सहायता देने के लिए कोई कार्यक्रम तैयार नहीं किया है। विदेशों से ऐसी सहायता के लिए जो अनुरोध प्राप्त होते हैं, उनपर हर मामले

में गुण-दोष के आधार पर विचार किया जाता है। अभी तक सीरिया जैसे कुछ देशों ने कुछ परियोजनाओं के सम्बन्ध में तकनीकी सलाह लेने के लिए, भारतीय रेल-विशेषज्ञों की सेवाओं का उपयोग किया है।

विशिष्ट अनुरोध प्राप्त होने पर, विदेश सेवा की शर्तों पर अधिकारियों की सेवाएं भी उधार दी गयी हैं।

अभी तक नाइजीरिया, घाना, थाईलैण्ड, बर्मा, पाकिस्तान, श्री लंका, मलेशिया, ईरान, कीनिया, दक्षिण अरब, सूडान, दक्षिण कोरिया आदि देशों के रेल-कर्मचारियों को प्रशिक्षण सम्बन्धी सुविधाएं दी गयी हैं।

निर्यात आदेशों में वृद्धि

1316. **श्री प० मण्डल** : क्या रेलवे मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे के भूतपूर्व मंत्री ने दिनांक 17 सितम्बर, 1969 को नई दिल्ली में हुए प्रेस सम्मेलन में यह वक्तव्य दिया था कि रेलवे ने लगभग 28 करोड़ रुपये के निर्यात-आदेश प्राप्त किए हैं ;

(ख) क्या पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार निर्यात-आदेशों में कोई वृद्धि हुई है ;

(ग) वर्ष 1967-68 तथा 1968-69 के दौरान आयात-सामग्री की प्रतिशतता में कितने प्रतिशत की कमी ई हुहै ; और

(घ) निर्यात तथा आयात की महत्वपूर्ण मदों का क्या ब्यौरा है ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) मेरे पूर्ववर्ती रेल मंत्री ने 17-9-1969 को एक पत्रकार सम्मेलन में यह कहा था कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों से रेलवे चल-स्टाक और उपस्कर के लिए लगभग 28 करोड़ रुपये का निर्यात-आदेश मिल चुका है।

(ख) अभी रुख का सही-सही मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। मार्च, 1970 के बाद ऐसा करना संभव होगा।

(ग) कुल रेलवे खरीद की आयात-सामग्री की प्रतिशतता घट गयी है जैसा कि नीचे दिया गया है :—

(1) 1967-68—13.25 (2) 1968-69—10.05 (1968-69 के आँकड़े अन्तिम हैं)

(घ) **निर्यात** : (i) रेलवे के माल डिब्बे (ii) रेलवे के सवारी डिब्बे (iii) रेल पटरियां (iv) रेल पथ के सामान।

आयात : (i) रोलर बियरिंग (ii) पहियों के सैट (iii) प्राकृत धातु (iv) ईंधन-तेल (v) इस्पात (vi) डीजल और बिजली इंजन के स्वाम्प पुर्जे।

औद्योगीकरण के लिए पूर्व जर्मनी द्वारा भारत की सहायता

1317. **श्री प० मण्डल :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत सितम्बर, में औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री के० वी० रघुनाथ रेड्डी द्वारा पूर्वी जर्मनी की यात्रा के फलस्वरूप भारत तथा पूर्वी जर्मनी के बीच औद्योगिक सहयोग बढ़ने की संभावना है ;

(ख) क्या पूर्वी जर्मनी भारत में उद्योगीकरण में जो मदद देना चाहता है उसका लाभ उठाने के लिए सरकार तैयार है ; और

(ग) क्या सरकार के समक्ष कोई प्रस्ताव या योजना है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). श्री के० बी० रघुनाथ रेड्डी, राज्य मंत्री औद्योगिक विकास आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्रालय, जर्मन को लोकतंत्रात्मक गणराज्य के लिपजिम फेयर के अवलोकनार्थ गये थे। यह एक सद्भाव यात्रा थी, विचार-विमर्श सामान्य विषयों पर हुए। विशिष्ट योजनाओं या प्रस्तावों पर विचार विमर्श नहीं हुआ न विचाराधीन ही हैं। स्वाभाविक है कि दो देशों के मध्य आर्थिक सम्बन्धों का वातावरण बनाने में यह यात्रा सहायक होगी।

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड का विकेन्द्रीकरण

1318. **श्री शिवचन्द्र झा :** क्या **इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड की अलग-अलग इस्पात कम्पनियां बनाने की योजना बना रही है ; जैसे भिलाई स्टील लिमिटेड, राउरकेला स्टील लिमिटेड आदि ;

(ख) यदि हां, तो कब तक और उसके क्या खास कारण हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

इस्पात तथा भारी इंजीनियरिंग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पंत) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) इस्पात खान तथा धातु मंत्री ने 20 मार्च, 1968 को संसद में अपने भाषण में हिन्दुस्तान स्टील लि० के प्रबन्धात्मक ढांचे के पुनर्गठन के बारे में घोषणा की थी। प्रबन्धात्मक ढांचे में और कोई परिवर्तन करने की आवश्यकता अनुभव नहीं की गई है।

इस्पात मूल्य नीति

1319. श्री शिवचन्द्र झा :
श्री श्रद्धाकर सूपकार :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री
श्री योगेन्द्र शर्मा :
श्री जनार्दनन :
श्री भोगेन्द्र झा :
श्री वेणी शंकर शर्मा :

क्या इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कोई इस्पात मूल्य नीति बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

इस्पात तथा भारी इन्जीनियरिंग मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) इस्पात के निर्माताओं ने इस्पात के मूल्य बढ़ाने के बारे में मांग की है । इस मामले पर विचार किया जा रहा है तथा शीघ्र ही कोई निर्णय किया जायेगा ।

सरकारी तथा गैर-सरकारी उद्योगों का विस्तार

1320. श्री शिव चन्द्र झा : क्या औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नीति निश्चित किये जाने के पश्चात् 1948 तथा 1956 के औद्योगिक नीति संकल्प में की अनुसूची "ख" में उल्लिखित उद्योगों में से सरकारी क्षेत्र के उद्योगों की तुलना में गैर-सरकारी उद्योगों (अल्यमीनियम उद्योग बिड़ला साथों जैसे) में अधिक विस्तार हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो योजनाओं के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र में संयुक्त (अनुसूची ख) में कितना उद्योगिक विकास हुआ है ?

औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) : (क) से (ग). औद्योगिक नीति संकल्प की अनुसूची "ख" में उल्लिखित औद्योगिक क्षेत्र में सरकारी क्षेत्र में उद्योगों की तुलना में गैर-सरकारी उद्योगों में प्रसार के प्रश्न पर औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति द्वारा विचार किया गया था तथा उसके निर्णय सरकार को प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन के पैरा 6.11 से 6.18 में निहित हैं । प्रतिवेदन की प्रतियां पहले ही संसद सदस्यों को दे दी गई हैं ।

उगना में हाल्ट स्टेशन (पूर्वोत्तर रेलवे) बनाना

1321. **श्री शिव चन्द्र झा** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उगना में (पूर्वोत्तर रेलवे) साकरी और पौदौल स्टेशनों के बीच हाल्ट स्टेशन बनाने की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं केवल अन्तिम स्वीकृति के लिये मामला रेलवे बोर्ड के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हाँ, तो यह मामला कब से विचाराधीन पड़ा है और रेलवे बोर्ड की ओर से इतना अधिक विलम्ब क्यों हो रहा है ; और

(ग) यदि नहीं, तो रेलवे बोर्ड द्वारा अन्तिम स्वीकृति कब जारी की गई थी और उगना हाल्ट कब से खोला जायेगा ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) से (ग). सकरी और पंडौल स्टेशनों के बीच परीक्षण के रूप में इस शर्त पर एक गाड़ी हाल्ट खोलने का विनिश्चय किया गया था कि मिट्टी-भराई का काम श्रमदान से पूरा किया जाये । परन्तु स्थानीय जनता ने उपयुक्त पाये गये स्थल पर श्रमदान से मिट्टी-भराई का काम करना स्वीकार नहीं किया ।

स्थानीय जनता द्वारा सुझाये गये वैकल्पिक स्थल पर गाड़ी हाल्ट की व्यवस्था करने के प्रश्न पर उसकी आर्थिक सक्षमता को ध्यान में रखते हुए विचार किया जा रहा है ।

Activities of Kashmir Plebiscite Front

1322. **Shri Sharda Nand :**
Shri Yajna Datt Sharma :
Shri Ram Gopal Shalwale :
Shri Jagannath Rao Joshi :
Shri Atal Bihari Vajpayee :
Shri Brij Bhushan Lal :
Shri Suraj Bhan :

Will the Minister of Law and Social Welfare be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Kashmir Plebiscite Front had been supporting some activities which includes session of Kashmir from India ;

(b) whether it is also a fact that according to some enactments recently passed by Parliament, those not having faith in India's unity and integrity, cannot be allowed to participate in elections and they can be penalised otherwise also ; and

(c) if so, Government's reaction to the participation by the said Organisation in Elections ?

The Deputy Minister in the Ministry of Law and in the Ministry of Social Welfare (Shri M. Yunus Saleem) : (a) to (c). Leaders of the Plebiscite Front of Jammu and Kashmir have been making statements from time to time to the effect that Kashmir's accession to India still remains to be determined.

While under the provisions of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, any individual or organisation engaging in activities of the nature referred to in the question, can be penalised there is no question of the individual not being allowed to participate in elections, if he or she has duly subscribed to the Oath of allegiance prescribed under article 84(a) or, as the case may be, article 173(a) of the Constitution according as the election is for Parliament or the Legislature of a State.

Donations to Congress Party by Modi Group of Industries

1323. **Shri Sharda Nand :**
Shri Yajna Datt Sharma :
Shri Ram Gopal Shalwale :
Shri Jagannath Rao Joshi :
Shri Atal Bihari Vajpayee :
Shri Brij Bhushan Lal :
Shri Suraj Bhan :

Will the Minister of **Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs** be pleased to state :

(a) the amount of donation made to the Congress Party by the Modi Group of Industries and business institutions during the last three years ;

(b) the amount of loans and other assistance made available to them from the Life Insurance Corporation and the Government and the number of licences issued to them during the above period ;

(c) whether Government have received certain complaints about the misuse of licences ; and

(d) if so, the details thereof ?

The Minister of Industrial Development, Internal Trade and Company Affairs (Shri F. A. Ahmed) : (a) The following companies belonging to the Modi Group, according to its composition as shown in the Industrial Licensing Policy Inquiry Committee's Report, have made donations to the Congress Party during the last three years :

			Congress Party
Name of Company	1966-67	1967-68	1968-69
			(in Rs.)
(a) Modi Industries Ltd.	37,500	5,000	50,000
(b) Modi Spg. and Wvg. Mills Co. Ltd.	71,250	5,000	Not available*
(c) Modipon Ltd.	—	—	25,000
(d) Patiala Floor Mills Co. Ltd.	11,000	—	—

NOTE : (a) In the case of Modi Industries Ltd., the information is as shown in the Balance Sheet for the accounting years ended on 31st October, 1966-67 and 1968 respectively.

(b) In the case of Modi Spg. and Wvg. Mills Co. Ltd., the information is as shown in the Balance Sheet for the accounting years ended on 30th April 1967 and 1968 respectively.

(c) In the case of Modipon Ltd., the information is as shown in the Balance Sheet for the accounting year ended on 28th February, 1969.

